CMYK



साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को नमन: आज पीएम मोदी 'वीर बाल दिवस' पर करेंगे राष्ट्र को संबोधित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# लोक शक्ति



5 रुपये की थाली वाली 'अटल कैंटीन' का रेखा गुप्ता ने किया शुभारंभ

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-62 > अंक - 02 | रायपुर | शुक्रवार 26 दिसंबर 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25

### 6 माओवादियों के खात्मे के पर बोले अमित शाह,

# नक्सलवाद से मुक्ति की दहलीज पर खड़ा है ओडिशा,अमित शाह का दावा

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि ओडिशा के कंधमाल जिले में एक बड़े अभियान में छह नक्सलियों को मार गिराए जाने के बाद भारत को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। X पर एक पोस्ट में इस घटनाक्रम को उजागर करते हुए शाह ने कहा कि यह अभियान वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी सफलता है और ओडिशा को नक्सलवाद से पूर्ण रूप से मुक्त होने के करीब लाता है। शाह ने कहा कि नक्सल मुक्त भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि। ओडिशा के कंधमाल में एक बड़े अभियान में केंद्रीय समिति के सदस्य गणेश उइके सहित छह नक्सलियों को मार गिराया गया है।

शाह ने आगे कहा कि इस सफलता के साथ, ओडिशा नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन की दहलीज पर खड़ा है। केंद्र के संकल्प को दोहराते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सरकार देश से नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। शाह ने कहा, हम 31 मार्च, 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।÷ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को केंद्रीय समिति सदस्य गणेश उइके समेत छह नक्सलियों के मारे जाने को ओडिशा को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त करने की दिशा में एक और बड़ी सफलता बताया। उइके, जिस पर 1.1 करोड़ रुपये का इनाम था और जो ओडिशा में प्रतिबंधित संगठन का प्रमुख था, बुधवार रात से शुरू होकर गुरुवार सुबह तक चले सुरक्षा बलों के अभियान में कंधमाल जिले में मारा गया। वह प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) का एक प्रमुख नेता था और सुरक्षाकर्मियों और नागरिकों पर हमले करवाने का उसका लंबा इतिहास रहा है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र और तेलंगाना के कुछ हिस्सों के साथ, ऐतिहासिक रूप से वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित रहा है।



अमित शाह ने पंचकूला में वाजपेयी की कांस्य प्रतिमा का उद्घाटन किया

हालांकि, हाल के वर्षों में, केंद्रीय और राज्य सुरक्षा बलों के निरंतर अभियानों, बेहतर खुफिया समन्वय और दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों में केंद्रित विकास पहलों के कारण राज्य में नक्सल से संबंधित हिंसा में लगातार कमी आई है।

केंद्र सरकार नक्सलवाद का मुकाबला करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपना रही है, जिसमें मजबूत सुरक्षा उपायों के साथ-साथ विकास पहल भी शामिल हैं, जैसे कि प्रभावित क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क, मोबाइल नेटवर्क, बैंकिंग सुविधा और कल्याणकारी सेवाओं का वितरण। अग्रणी परिचालन अड्डों की स्थापना और अंतर-राज्यीय समन्वय में वृद्धि से उग्रवाद विरोधी प्रयासों को और मजबूती मिली है।

## अमित शाह ने पंचकूला में वाजपेयी की कांस्य प्रतिमा का उद्घाटन किया

**एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के पूर्व उनकी कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। शाह ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्य के कई मंत्रियों सहित अन्य लोगों की मौजूदगी में अटल पार्क में 41 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने वाजपेयी के जीवन और विचारों पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। शाह, कई कार्यक्रमों में शिरकत करने के लिए बुधवार को पंचकूला में थे और उन्होंने वर्चुअल माध्यम से 250 'अटल पुस्तकालयों' का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर वाजपेयी के जीवन पर आधारित एक वृत्तचित्र भी दिखाया गया।'रिक्रूट बेसिक कोर्स' (आरबीसी) के 93वें बैच की 'पासिंग आउट परेड' को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि वाजपेयी जन्म से ही देशभक्त थे, एक सक्षम प्रशासक थे और दिल से कवि थे, लेकिन जब देश की सुरक्षा और प्रगति की बात आती थी, तो वे बहुत अधिक दृढ़ और अडिग थे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर दिल्ली के 'सदैव अटल' स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## योगी बोले: राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल अटल जी की विरासत को अमर रखेगा

एजेंसी



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिग्गज नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाजपेयी को एक दूरदर्शी नेता बताया, जिन्होंने कई बार संसद में राज्य का प्रतिनिधित्व किया और राष्ट्र के विकास के लिए काम किया। अपने भाषण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाजपेयी के राष्ट्र के प्रति अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह वर्ष विशेष है क्योंकि देश वाजपेयी की जन्म शताब्दी मना रहा है, जिसके तहत उनकी कविताओं का पाठ, उनके लेखन पर वाद-विवाद और देश भर में भाषण जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## अब सैनिक चला सकेंगे इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया ऐप्स, पर 'लाइक-कमेंट' करने पर रहेगी पाबंदी

एजेंसी

भारतीय सेना ने सैनिकों और अधिकारियों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। सूत्रों के मुताबिक, अब सेना के जवानों को इंस्टाग्राम इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी गई है, लेकिन इसके साथ कुछ सख्त शर्तें भी जोड़ी गई हैं।

**क्या है नया नियम?** नए निर्देशों के अनुसार, सैनिक अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (जैसे इंस्टाग्राम और फेसबुक) का इस्तेमाल केवल जानकारी जुटाने और कंटेंट देखने के लिए कर सकते हैं। सैनिक किसी भी पोस्ट पर लाइक, कमेंट या अपना कंटेंट पोस्ट नहीं कर सकते।





जवानों को सोशल मीडिया पर गुमराह करने वाले या फर्जी पोस्ट को अपने सीनियर अधिकारियों को रिपोर्ट करने की अनुमति होगी। डिजिटल एक्टिविटी पर बाकी सभी पुराने सुरक्षा नियम और प्रोटोकॉल पहले की तरह ही लागू रहेंगे।

# जहां था कूड़े का पहाड़ वहां अब प्रेरणा का केंद्र : प्रधानमंत्री

### गरीबी के खिलाफ जंग

**एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' का उद्घाटन किया। इस मौके पर आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा और भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। मंच पर उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

**कूड़े के पहाड़ से प्रेरणा स्थल तक**

पीएम ने बताया कि जिस 30 एकड़ जमीन पर आज यह भव्य स्मारक खड़ा है, वहां पहले कूड़े का पहाड़ हुआ करता था। उन्होंने इस बदलाव के लिए सीएम योगी और उनकी टीम की सराहना की।



पीएम ने कहा कि पिछले एक दशक में करोड़ों भारतीयों ने गरीबी को हराया है। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले केवल 25 करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में थे, लेकिन आज यह संख्या बढ़कर 95 करोड़ हो गई है।

**अटल जी और सुशासन की नींव**

पीएम मोदी ने कहा कि लंबे समय तक देश में सिर्फ 'गरीबी हटाओ' जैसे नारों को सुशासन मान लिया गया था, लेकिन अटल जी ने इसे जमीन पर उतारा। उन्होंने कहा, 'आज जिस डिजिटल पहचान की चर्चा पूरी दुनिया में है, उसकी नींव अटल जी की सरकार ने ही रखी थी।'

**अनुच्छेद 370 का जिक्र**

पीएम ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने 'दो विधान और दो निशान' का कड़ा विरोध किया था और भाजपा सरकार को अनुच्छेद 370 की दीवार को गिराने का सौभाग्य मिला। उन्होंने महाराजा सुहेलदेव, भगवान बिरसा मुंडा और महाराजा बिजली पासी के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार उन नायकों को सम्मान दे रही है जिन्हें दशकों तक नजरअंदाज किया गया।

**क्या है राष्ट्र प्रेरणा स्थल?**

यह लखनऊ में स्थित एक ऐसा परिसर है जहां अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 65 फीट ऊंची प्रतिमाएं लगाई गई हैं।

## चंद्रशेखर का बड़ा आरोप: केरल में 10 साल से भ्रष्टाचार कर रहे विजयन

एजेंसी।

भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर ने पिनारयी विजयन पर पिछले 10 वर्षों से भ्रष्टाचार की सरकार चलाने का आरोप लगाया और केरल के विकास का श्रेय मोदी सरकार को दिया, साथ ही सबरीमाला मंदिर में सोने और मूर्तियों की चोरी को लेकर गंभीर सवाल उठाए। भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर ने गुरुवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक दशक तक मुख्यमंत्री रहने वाले व्यक्ति को अपने कार्यों का हिसाब देना चाहिए। विजयन ने केंद्र सरकार पर राज्य की वित्तीय स्वायत्तता को जानबूझकर सीमित करने और विकास परियोजनाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया था।

लखनऊ में प्रधानमंत्री ने तीन महान विभूतियों अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय की कांस्य प्रतिमाओं का अनावरण



**विदेश** | सेना की मनमानी पाकिस्तान में

## आसिम मुनीर ने जो चाहा वो किया, अब पाकिस्तानी एयरलाइंस पर भी सेना का कब्जा

एजेंसी

अंदेशा पहले ही से था और गुरुवार को उस पर मुहर भी लगा दी गई। पाकिस्तानी सेना ने बैकडोर से पीआईए (पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस) में एंट्री मार ही डाली। बिडिंग से ठीक दो दिन पहले बतौर बिडर खुद को अलग कर लिया था। स्थानीय मीडिया और वर्ल्ड मीडिया ने तभी से कयास लगाने शुरू कर दिया था कि नाम वापस लेने का मकसद वो नहीं जो दिख रहा है।





जियो न्यूज के अनुसार, आरिफ हबीब कंसोर्टियम ने फौजी फर्टिलाइजर कंपनी लिमिटेड (एफएफपीएल) के उसके कंसोर्टियम में शामिल होने का ऐलान कर दिया है। आरिफ हबीब ने पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइंस की निजीकरण प्रक्रिया के लिए हुई नीलामी में 135 अरब रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाकर पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस में 75 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की है।

कंसोर्टियम ने गुरुवार को जारी अपने बयान में कहा कि यह पार्टनरशिप एयरलाइन को फाइनेंशियल सपोर्ट और कॉर्पोरेट विशेषज्ञता देगी। इसमें यह भी कहा गया है कि फौजी फर्टिलाइजर भी आरिफ हबीब कंसोर्टियम के साथ प्रबंधन का हिस्सा होगी। कंसोर्टियम पहले साल में ग्राउंड ऑपरेशंस और ओवरऑल सर्विसेज को अपग्रेड करने के लिए 125 अरब रुपये का निवेश करेगा।

बात उस फौजी फर्टिलाइजर कंपनी लिमिटेड कंपनी की जो हबीब कंसोर्टियम का हिस्सा बनने को तैयार है। आखिर इसका सेना से क्या रिश्ता है? एफएफपीएल 1978 में बनी पाकिस्तान की एक खाद निर्माता कंपनी है। ये फौजी फाउंडेशन का एक हिस्सा है, जो पाकिस्तान सेना से जुड़ा है। बिडिंग प्रक्रिया का हिस्सा कुल चार कंपनियां थीं। इनमें से आखिरी समय पर एफएफपीएल ने खुद को अलग कर लिया। इसकी वजहें कई थीं।

# 17 साल बाद बांग्लादेश लौटे तारिक रहमान, चुनावी माहौल में बीएनपी को मिली नई ताकत

### चुनाव में पीएम पद के प्रबल दावेदार बने तारिक रहमान

ढाका ,एजेंसी

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी चेयरमैन तारिक रहमान 17 वर्ष बाद स्वदेश लौट आए हैं। देश में जारी राजनीतिक अस्थिरता और अराजक माहौल के बीच आम चुनाव की तैयारियां तेज हो चुकी हैं। ऐसे समय में रहमान की वापसी से बीएनपी समर्थकों में नया जोश देखने को मिल रहा है। हालांकि, पार्टी के भीतर भरोसा कायम करना उनके लिए आसान नहीं होगा, क्योंकि जिस दौर में वह निर्वासन में थे, उस दौरान पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर संघर्ष करते रहे।

प्रभावशाली जिया परिवार के उत्तराधिकारी तारिक रहमान की वापसी को अंतरिम सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के एक विशेष सहायक ने पद से इस्तीफा दे दिया है, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल बढ़ गई है। इससे बीएनपी के लिए समर्थन जुटाने की राह और आसान हो सकती है। पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी प्रमुख खालिदा जिया (80) के बड़े बेटे तारिक रहमान (60) फरवरी में संभावित आम चुनाव में प्रधानमंत्री पद के प्रमुख दावेदार के रूप में उभरकर सामने आए हैं। बीएनपी प्रवक्ता रुहुल कबीर रिज़्वी ने उनकी वापसी को निर्णायक राजनीतिक क्षण बताया है। तारिक के पिता जियाउर रहमान, जो सैन्य शासक से नेता बने थे, ने बीएनपी की स्थापना की थी और 1977 से 1981 तक राष्ट्रपति रहे, जब उनकी हत्या कर दी गई थी। तारिक रहमान की वापसी को देखते हुए मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।



### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा जारी, दीपू चंद्र दास के बाद एक और की पीट-पीटकर हत्या, कानून-व्यवस्था पर सवाल

बांग्लादेश के राजबारी जिले में 29 वर्षीय हिंदू युवक अमृत मंडल उर्फसम्राट की भीड़ ने रंगदारी के आरोप में पीट-पीटकर हत्या कर दी। यह घटना दीपू चंद्र दास की हत्या के कुछ ही दिनों बाद हुई, जिसने इलाके में तनाव बढ़ा दिया है, और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। बांग्लादेश में भीड़ हिंसा की एक और घटना सामने आई है, जिसमें राजबारी जिले में देर रात एक 29 वर्षीय हिंदू युवक को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान अमृत मंडल उर्फ सम्राट के रूप में हुई है। उस पर रात करीब 11 बजे पांग्शा उपजिला के होसैंडांगा पुराने बाजार में हमला किया गया और हमले के तुरंत बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की पुष्टि करते हुए पांग्शा मॉडल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी शेख मोइनुल इस्लाम ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने अमृत मंडल पर जबरन वसूली का आरोप लगाया था, जिसके बाद मामला भीड़ हिंसा में बदल गया।

## 11 दिन बाद ऑस्ट्रेलिया में फिर यहूदियों पर हमला, कार पर की फायर बॉम्बिंग; बाल-बाल बचा परिवार

कैनबरा एजेंसी।

ऑस्ट्रेलिया में क्रिसमस से ठीक पहले यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर की गई एक और घटना सामने आई है। मेलबर्न में अज्ञात लोगों ने एक रब्बी की कार को आग लगाने की कोशिश की। ऑस्ट्रेलियाई प्रशासन ने इस घटना को फायर बॉम्बिंग करार दिया है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने इसे यहूदी-विरोधी मानसिकता से प्रेरित संदिग्ध हमला बताया है।

यहूदी-विरोध या एंटी-सेमिटिज्म का अर्थ यहूदियों के प्रति नफरत, भेदभाव, पूर्वाग्रह या शत्रुता से है। इस सोच के तहत यहूदी समुदाय को दोषी ठहराया जाता है और उनके खिलाफ हिंसा या साजिशों को बढ़ावा दिया जाता है। पुलिस के मुताबिक, क्रिसमस की सुबह से पहले रब्बी के घर के बाहर खड़ी कार पर आग लगाने वाला उपकरण फेंका गया। आग से कार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, समय रहते रब्बी और उनके परिवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

यह घटना मेलबर्न के सेंट किल्डा ईस्ट इलाके में हुई। गुरुवार तड़के करीब 2~50 बजे बालाक्लावा रोड स्थित रब्बी के घर के ड्राइववे में खड़ी सिल्वर रंग की सेडान कार को आग के हवाले करने की कोशिश की गई। कार पर 'हैप्पी हनुक्का' लिखा हुआ एक छोटा बोर्ड भी लगा हुआ था। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन सुरक्षा कारणों से परिवार को घर से बाहर ले जाया गया।

मूरैबिन क्राइम इन्वेस्टिगेशन यूनिट के अधिकारियों ने बताया कि वे 25 दिसंबर को हुई इस संदिग्ध आगजनी की गंभीरता से जांच कर रहे हैं।

CMYK

## मंत्री गुरू खुशवंत साहेब ने विभागीय प्रेसवार्ता ली कहा –

# विष्णु की सरकार में बेरोजगारों को रोजगार मिल रहा है



**रायपुर ।** प्रदेश में तकनीकी शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा के समुचित विकास और समन्वय स्थापित करने के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग सदैव प्रयासरत है। वर्तमान में तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत 29 इंजीनियरिंग महाविद्यालय तथा 53 पॉलिटेक्निक संस्थाए एवं 101 फार्मेसी संस्थाए संचालित है। जिनमे इंजीनियरिंग संस्थानों में स्नातक स्तर के 30 पाठ्यक्रम, स्नातकोत्तर स्तर पर 36 तथा पॉलिटेक्निक संस्थाओं में डिप्लोमा स्तर के 21 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम संचालित है। जिसमे लगभग 60 हजार छात्र-छात्राए अध्ययनरत है । विगत वर्षो की तुलना में इस वर्ष इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सत्र 2025-26 से आई. आई.टी. के तर्ज पर शासकीय पॉलिटेक्निक संस्थाओ एवं शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय को उन्नयन करते हुए इमर्जिंग ब्रांच (रोबोटिक्स, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स इत्यादी) के साथ 04 छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की स्थापना की गई है एवं जल्द ही रायपुर बिलासपुर तथा दुर्ग में छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी की स्थापना की जावेगी। छत्तीसगढ़ के युवाओं के बीच नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य में i-Hub बनाने हेतु छत्तीसगढ़ शासन, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग एवं i-Hub गुजरात के साथ रूष्श का निष्पादन किया गया एवं शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर में i-Hub की स्थापना की गई। जिसमें प्रदेश के छात्र/छात्राओं को Startup एवं Innovation संबंधी मार्गदर्शन प्रदाय किया जा रहा है। तकनीकी शिक्षा संस्थाओंके छात्र/छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु Apanatech. pvt.Ltd. के साथ विभाग द्वारा MoU हस्ताक्षर किया गया है तथा छात्र/छात्राओं को रोजगार मूलक प्रशिक्षण प्रदाय किये जाने हेतु CSRBOX.pvt.ltd के साथ विभाग द्वारा रूष्श इस्ताक्षर किया गया है तथा छात्र/छात्राओं को आत्मनिर्भर किये जाने हेतु उनके द्वारा किये जाने वाले Startup एवं Innovation के प्रोजेक्ट को उद्योग में उपयोग किये जाने हेतु CII एवं YI समूह से विभाग द्वारा द्वारा रूष्शहस्ताक्षर किया गया है। तकनीकी शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में सत्र 2025-26 से छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य के तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में शिक्षा ग्रहण करने वाले निर्धन परिवार के विद्यार्थियों जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय 2 लाख तक है उन्हें 4 लाख तक की शिक्षा ऋण में बैंकों द्वारा ली जाने वाली व्याज दर को दृष्टीगत रखते हुए विद्यार्थियों को व्याज अनुदान प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना लागु की गई है। आज दिनांक तक 11643 विद्यार्थियों को 22.53 करोड़ की ब्याज में अनुदान प्रदान की जा चुकी है। शासकीय पॉलिटेक्निक संस्थाओं में कार्यरत प्रथम श्रेणी के 204 शिक्षकों को कैरियर संवर्धन योजना के तहत लेवल 9 से 10 में प्रोन्नत किया गया। शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों एवं पॉलिटेक्निक संस्थाओं में कार्यरत 116 तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को पदोन्नति एवं 205 समयमान वेतनमान प्रदान की गई है। इसी प्रकार 05 चतुर्थ श्रेणीके कर्मचारियों को पदोन्नति एवं 115 समयमान-वेतनमान प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना में दिसम्बर 2023 से दिसम्बर 2025 तक कुल 21053 युवाओं का प्रशिक्षण किसने 14109 - प्रशिक्षित एवं 6944 - प्रशिक्षणरत, प्रशिक्षित 14109 युवाओ में से 10089 युवा नियोजित। नियद नेल्लानार योजना के तहत 587 हितग्राही प्रशिक्षित। 627 आत्मसमर्पित युवा प्रशिक्षित एवं 453 प्रशिक्षणरर। बस्तर संभाग में युवाओ के कौशल प्रशिक्षण हेतु विशेष प्रयास। बस्तर संभाग के प्रत्येक विकासखंड में स्किल डेवलपमेंट सेंटर (स्ष्ठष्ट) स्थापित करने के लिए वित्तीय वर्ष 20:25-26 में राशि रू. 400 लाख प्रावधानित। । जिला नारायणपुर में 50 सीटर बालक छात्रावास निर्माण हेतु राशि रु 100 लाख स्वीकृत।

## सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल, आमदी में आयोजित हुआ सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम




**धमतरी ।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल, आमदी में विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अंतर्गत सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर पंचायत आमदी की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू, भाजपा वरिष्ठ नेत्री बिथीका विश्वास, पार्षद चंद्रकला साहू, शिक्षिका शोभा दुबे, प्रधानाचार्य जनक साहू, सरस्वती शिशु मंदिर अध्यक्ष तेजराम साहू, उपाध्यक्ष हेमंत माला, शिक्षिका उर्मिला साहू, लक्ष्मी साहू, भुनेश्वरी साहू, मधु साहू, प्रमिला साहू सहित अन्य अतिथि, मातृशक्तियां, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं मां सरस्वती की पूजा अर्चना से आरंभ हुआ, कार्यक्रम के दौरान पंच परिवर्तन के अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अतिथियों द्वारा विस्तार से विचार रखे गए। इन विषयों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है, जब महिलाएं शिक्षित, आत्मनिर्भर और जागरूक होती हैं, तब परिवार सशक्त होता है और राष्ट्र निर्माण की दिशा मजबूत होती है, महिलाएं केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाली शक्ति हैं। पंच परिवर्तन जैसे विचार समाज को संस्कारवान और जिम्मेदार बनाने का कार्य करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती, आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, ऐसे आयोजनों से उनमें आत्मविश्वास और जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस प्रेरणादायक कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्तियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महिलाओं की आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण तथा परिवार और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया।

# रकबा समर्पण के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर उन्हें 3-3 उपार्जन केन्द्रों की दी गई जानकारी

**बालोद।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारियों की बैठक लेकर बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को बिना किसी अवरोध के निर्बाध रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि 31 जनवरी 2026 तक जिले को प्राप्त कुल 82 लाख क्विंटल धान खरीदी लक्ष्य को पूरा किया जाना आवश्यक है। कलेक्टर ने इसके अनुरूप शेष कार्य दिवसों में जिले के सभी कृषकों के धान की समुचित खरीदी हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को जिले में धान की अवैध खरीदी-बिक्री की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने रकबा समर्पण के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए धान बिक्री करने के पश्चात् जिन कृषकों के पास धान शेष नही रह जाता उनका अनिवार्य रूप से रकबा समर्पण कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने रकबा समर्पण हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने तथा प्रत्येक नोडल अधिकारियों को 03-03 उपार्जन केन्द्रों की जिम्मेदारी दिए जाने की जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित खाद्य सहकारिता एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारीगण उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत धान बिक्री हेतु किसानों को टोकन जारी किए जाने के संबंध में दिशा-निर्देशों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत 02 एकड़ से कम रकबा वाले कृषकों को 01 टोकन, 02 से 10 एकड़ रकबा वाले कृषकों को 02 टोकन तथा 10 एकड़ से अधिक रकबा वाले कृषकों को 03 टोकन जारी किया जाना है। कलेक्टर ने कहा कि 02 एकड़ से अधिक रकबा वाले किसान जिन्हें 02 टोकन की पात्रता है। उन कृषकों द्वारा पहले टोकन में धान बेचने के उपरांत निगरानी समिति के अधिकारी-कर्मचारियों के भौतिक सत्यापन के पश्चात् ही दूसरा टोकन जारी करने के निर्देश भी दिए हैं। इसी तरह 10 एकड़ से अधिक रकबा वाले कृषक जिन्हें 03 टोकन जारी किया जाना है। उनके द्वारा भी दूसरे टोकन में धान बेचने के उपरांत निगरानी समिति के सदस्यों से अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन कराने को कहा। इसके पश्चात ही इन कृषकों को तीसरा टोकन जारी करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि व्यापारी एवं कोचियों के द्वारा किसी भी प्रकार की अवैध धान की बिक्री न की जा सके। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का रेण्डम भौतिक सत्यापन करने के निर्देश भी दिए। भौतिक सत्यापन के दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में स्टेक का भी अनिवार्य रूप से गणना करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने जिले के राईस मिलों का भी भौतिक सत्यापन करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने जिले में धान की अवैध खरीदी-बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की।

## 26 दिसंबर को कुटेसर मे गुरु घासीदास जयंती समारोह एवं एक दिवसीय लोकनृत्य महोत्सव

**रायपुर ।** आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुटेसर मे शुक्रवार 26 दिसंबर 2025 को गुरु घासीदास जयंती समारोह एवं एक दिवसीय राज्य स्तरीय लोकनृत्य महोत्सव आयोजित है। सरपंच सुभाष बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया है कि समारोह में मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब केबिनेट मंत्री व आरंग विधायक रहेंगे वही अति विशिष्ट अतिथि गुरु गोसाई शक्ति दास साहेब व विशिष्ट अतिथिगण के रूप मे जनप्रतिनिधि के साथ लोककलाकार भी शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे से गुरू घासीदास के 6 वां वंशज धर्मगुरु गोसाई शक्ति दास साहेब गुरूद्वारा खपरीपुरी धाम का आगमन होगा जिसके स्वागत चरण वंदन पंथी नृत्य द्वारा किया जाएगा, 3 बजे से दीप जलाकर गुरू गद्दी पूजा अर्चना श्वेत झंडा रोहण के बाद गुरू द्वारा जन समूह को सम्बोधित किया जायेगा, शाम 4 बजे से अतिथिगण के आगमन पश्चात सभी उद्बोधन देंगे। समाजसेवी सत्यदेव ढीढी ने बताया रात्रि 10 बजे से भूपेन्द्र साहू कृत छत्तीसगढ़ी लोककला मंच 'रंग सरोवर' बारूका गरियाबंद की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम संयोजक दिनेश जांगड़े ने बताया सांस्कृतिक आयोजन में सतनाम संगम पंथी विरेन्द्र टंडन बोरीया बेमेतरा, जय सतनाम पंथी गौकरण दास बघेल पेण्ड्रीतराई दुर्ग, मां के महिमा सुवा नृत्य दिलीप साहू गोईन्दा आरंग, आदर्श सत के लहर पंथी किशन कोसले मुढ़िया मुंगेली, जय सतनाम बालिका पंथी हिरादास कुर्रे बीरगांव रायपुर, उपकार राष्ट्रीय पंथी सलीम जांगड़े कुटेसर रायपुर, झंकार राष्ट्रीय पंथी धनीराम गिलहरे कुटेसर रायपुर के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक लोकनृत्यों की प्रस्तुति देंगे। मीडिया साथी देव हीरा लहरी ने बताया आरंग विधानसभा के इस गांव में प्रतिवर्ष भव्य व बड़े स्तर पर जयंती कार्यक्रम को मनाते आ रहे है, सरपंच सहित सभी पंचायत प्रतिनिधि व सतनामी समाज ग्राम कुटेसर ने कार्यक्रम मे शामिल होने सभी को आमंत्रित किया है।

## छत्तीसगढ़ क्रिकेट में रायगढ़ की धूम

रायगढ़। जिला क्रिकेट संघ रायगढ़ के द्वारा किये जा रहे प्रयासों एवं मेहनत के चलते जिले की महिला खिलाड़ी पक्षालिका टोप्पो का चयन छत्तीसगढ़ की अंडर 15 टीम में किया गया है। तथा अंडर 19 टीम के कप्तान रहे अंशुल सिंह का चयन अंडर 19 की प्लेट कम्बाइंड टीम में एलिट ग्रुप के मैचों के लिए किया गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि अंडर 15 की महिला टीम मध्यप्रदेश के साथ भोपाल में अभ्यास मैच खेलेगी। जिसमें 4 मैच होंगे। इसके लिए जिले से पक्षालिका टोप्पो का चयन किया गया है।

# जिले में दो दिवसीय प्रशिक्षण से स्व-सहायता समूह सदस्यों को मिला उत्पादन से विपणन तक का व्यावहारिक ज्ञान

धमतरी । धमतरी जिले के स्व-सहायता समूहों (स्हत्र) को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा उनके उत्पादों को व्यापक बाजार से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर क्र2ष्ट संस्था के सहयोग से दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफ्ल आयोजन नगर निगम के सामुदायिक भवन में किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्व-सहायता समूहों को पारंपरिक उत्पादन से आगे बढ़कर संगठित, ब्रांडेड एवं बाजार-उन्मुख उद्यमों के रूप में विकसित करना रहा।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडों से चयनित 40 स्व-सहायता समूह सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रतिभागियों को उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता सुधार, मानकीकरण, आकर्षक पैकेजिंग, प्रभावी ब्रांडिंग तथा विपणन रणनीतियों की व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान यह समझ विकसित की गई कि गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के साथ-साथ सही प्रस्तुति और बाजार की मांग के अनुरूप रणनीति अपनाने से उत्पादों की बिक्री और मूल्य दोनों में वृद्धि संभव है।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक (आजीविका) श्री अनुराग मिश्रा ने समूह सदस्यों को उद्यम आधार पंजीयन, स्न्स्स्ड्ढ पंजीयन, गुणवत्ता मानक, विधिक प्रक्रियाएं, मूल्य निर्धारण, लागत विश्लेषण तथा बाजार से सीधा जुड़ाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि आवश्यक पंजीकरण एवं मानकों का पालन करने से स्व-सहायता समूहों के उत्पाद न केवल स्थानीय बल्कि राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के बाजारों तक भी पहुंच बना सकते हैं। इससे समूह सदस्यों की आय में स्थायी वृद्धि के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

संस्था के विशेषज्ञों द्वारा ब्रांड निर्माण, उपभोक्ता व्यवहार की समझ, बाजार लिंकेंज, डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया के माध्यम से उत्पाद प्रचार तथा बाजार-उन्मुख उत्पादन रणनीतियों पर आधारित व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान समूह सदस्यों को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से यह बताया गया कि किस प्रकार छोटे स्तर से शुरू कर उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाया जा सकता है। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने उत्पादों को अधिक पेशेवर ढंग से प्रस्तुत करने, ब्रांड पहचान विकसित करने तथा नए बाजारों तक पहुंच बनाने की स्पष्ट दिशा मिली है। उन्होंने भविष्य में अपने उत्पादों को संगठित रूप से बाजार में उतारने एवं आत्मनिर्भर बनने का संकल्प भी लिया।

# संरक्षा के सजग प्रहरियों को महाप्रबंधक दपूमरे तरुण प्रकाश ने किया सम्मानित

**रायपुर/बिलासपुर ।** रेल परिचालन में संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है । इसी कड़ी में आज दिनांक 23 दिसम्बर, 2025 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत संरक्षा कोटि के 04 कर्मचारियो को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश के द्वारा सम्मानित किया गया।

रायपुर रेल मण्डल के ट्रैक मैंटेनर ग्रेड 2 निरंजन भुईयां ने दिनांक 05 नवम्बर, 2025 को अपने ड्यूटी के दौरान किलोमीटर 808/28-808/02 मिडिल लाइन (दायें तरफ) में वेल्ड क्रेक देखा । तत्काल इसकी सूचना सर्वसंबंधित को दिया । इस प्रकार श्री निरंजन भुईयां की सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई ।बिलासपुर रेल मण्डल के पॉइंट मैन (टीए ढ्ढ्ढ), देवेंद्र पॉइंट ने दिनांक 01 नवम्बर, 2025 को अपने ड्यूटी के दौरान गेट क्र. 328 से अप लाइन में गुजरती हुई माल गाड़ी में धुआँ निकल रहा था । जिसकी सूचना उन्होने स्टेशन मास्टर/ बाराद्वार को दिया । वहाँ जाँच के दौरान 13वा वैगन में हॉट एक्सल पाया और तत्काल इसकी सूचना सर्वसंबंधित को दी । इस प्रकार पुनः दिनांक 06 नवम्बर, 2025 को देवेंद्र गेट क्रमांक 328 से डाउन लाइन में गुजरती हुई ट्रेन मालगाड़ी में धुआँ निकल रहा था । जिसकी सूचना उन्होने स्टेशन मास्टर/ शक्ति को दिया । वहाँ जाँच के दौरान 26 वा वैगन में हॉट एक्सल पाया तत्त्पश्च्यात, आगे की कार्यवाही कर ट्रेन को सूरक्षित रवाना किया गया । इस प्रकार श्री देवेंद्र की सजगता एवं सतर्कता से ट्रेन परिचालन में संरक्षा सुनिश्चित हुई ।

नागपुर रेल मण्डल के लोको पायलट (यात्री)/ गोंदिया कमल प्रसाद बोपचे ने दिनांक 15 अक्टूबर, 2025 को अपने ड्यूटी के दौरान हिरदामाली-गोंदिया के बीच गनखेरा पर किलोमीटर 1011/14-13 के मध्य रेल्वे लाइन पर स्पीड बोर्ड एवं पत्थर रखे हुए मिले ।

# मोनिका मंडावी के घर लगा पहला सौर संयंत्र, राजनांदगांव के ग्राम लिटिया में प्रीति वर्मा के घर का बिजली बिल हुआ जीरो

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की चमक मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के वनांचल क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में जिले के अंतिम छोर में बसे ग्राम औंधी में क्षेत्र का पहला सौर संयंत्र श्रीमती मोनिका मंडावी के घर में स्थापित हुआ है। जिससे वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों में भी इस महत्वकांक्षी योजना को लेकर उत्सुकता बढ़ी है। साथ ही बड़ी संख्या में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभ लेने के लिए क्षेत्रवासी ऑनलाइन पंजीयन भी करा रहे हैं। ग्राम औंधी निवासी श्रीमती मोनिका मंडावी ने बताया कि उन्हें समाचार पत्र-पत्रिकाओं, सोषल मीडिया, न्यूज चैनल, मोर बिजली ऐप के माध्यम से के माध्यम से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने ऑनलाइन आवेदन कर वेबसाइट में पंजीकृत वेन्डर को चिन्हाकिंत कर संपर्क किया एवं अपने घर में सिंगल फेज कनेक्शन वाला 5 किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाया है। जिसकी लागत 2 लाख 70 हजार रुपए है। भारतीय स्टेट बैंक से न्यूनतम ब्याज दर से 02 लाख 70 रुपये की राशि स्वीकृत हुई। उन्होंने बताया कि पहले बिजली के बिल 2200 से 3000 रुपए तक बिजली बिल आता था। वही गर्मियों में बढ़कर 3500 रूपए से अधिक बिजली का बिल देना पड़ता था। उन्होंने कहा कि अब बिजली के बिल से मुक्ति मिल जायेगी। और अतिरिक्त उत्पादित बिजली को बिजली विभाग को बेच भी पायेंगें। 5 किलोवाट का सोलर प्लांट से प्रतिदिन लगभग 22 से 25 यूनिट बिजली का उत्पादन हो जायेगा। उन्होंने बताया कि अब बिजली बिल से राहत मिली है और बिजली की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना बहुत उपयोगी है। इसका लाभ सभी को लेना चाहिए। रूफ्टॉप सोलर प्लांट पर्यावरण मित्र होने के साथ ही ऊर्जा के संरक्षण की दिशा में उपयोगी है।

राजनांदगांव जिले के ग्राम लिटिया निवासी श्रीमती प्रीति वर्मा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से प्रभावित होकर नवंबर 2024 में अपने घर में 06 किलोवाट का रूफ्टॉप सोलर पैनल लगवाया है। जिससे उनका पिछले एक वर्ष से बिजली का बिल शून्य हो गया है। प्रतिमाह बिजली बिल से मुक्ति मिली है। साथ ही 2900 रुपए का सोलर रिबेट भी प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि घर में बिजली के उपयोग के आधार पर पहले प्रतिमाह 7000 से 10000 रुपए बिजली का बिल आता था। अब यह बिजली बिल शून्य हो गया है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं के घर में रूफ्टॉप सोलर प्लांट लगाकर लोगों को प्रोत्साहित कर रहे है। श्रीमती वर्मा ने बताया कि केन्द्र शासन की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उन्होंने अपने घर में 06 किलोवाट का रूफ्टॉप सोलर पैनल लगवाया है। जिसकी कुल लागत 03 लाख 60 हजार रुपए है। इस योजना का लाभ लेने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपए तथा राज्य शासन द्वारा 30 हजार रुपए की सब्सिडी मिली है। इस प्रकार कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी मिली है। शेष राशि के लिए बैंक फाइनेंस की सुविधा मिली है। बैंक फाइनेंस बहुत ही आसान किस्तों में हुआ है। श्रीमती प्रीति वर्मा ने योजना से लाभान्वित होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में लाभदायक साबित हो रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़कों की मरम्मत कार्य जारी

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

बालोद, 24 दिसंबर (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज 23 दिसंबर 2025 को कर दिया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन अनुसार जिले में कुल मतदाता 06 लाख 42 हजार 736 है, जिनमें से 03 लाख 18 हजार 825 पुरुष मतदाता एवं 03 लाख 23 हजार 907 महिला मतदाता तथा 4 तृतीय लिंग के मतदाता है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति (फार्म 6 नए मतदाता बनने के लिए, फार्म-7 मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपित करने के लिए एवं फार्म-8 मतदाता सूची में संशोधन, स्थानान्तरण, नया एपिक कार्ड प्राप्त करने के लिए) प्राप्त करने की तिथि निर्धारित है। प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण निर्वाचक रजिस्ट्रिकरण अधिकारी द्वारा दिनांक 14 फरवरी 2026 तक किए जाएंगे तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 दिन शनिवार को किया जाएगा। कार्यक्रम अनुसार ऐसे नागरिक जिनकी उम्र 01 जनवरी 2026 को 18 साल पूर्ण कर लिया गया है तथा जिनका नाम वर्तमान में किसी कारणवश मतदाता सूची में दर्ज नहीं करा पाया है। वे अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु फार्म 6 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई मतदाता अपने नाम एवं अन्य किसी प्रकार का संशोधन या पते में परिवर्तन करना चाहते हैं वे फार्म-8 के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। 01 जनवरी के साथ 01 अप्रैल, 01 जुलाई, 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु को पूर्ण करने वाले भारतीय

# नॉन एलॉयड सर्विस से आईएएस बनने किसकी किस्मत चमकेगी

### 10 अधिकारियों का पेनल भेजा गया यूपीएससी

### जनसंपर्क, महिला एवं बाल विकास, वित्त विभाग के अधिकारी हैं शामिल




रायपुर । छत्तीसगढ़ में गैर संवर्ग आईएएस कोटे के दो पद के लिए शीघ्र ही यूपीएससी द्वारा साक्षात्कार लिया जाएगा। राज्य सरकार ने आए आवेदनों पर विचार कर यहां से नाम भेज दिया है। देखना है कि अब किसकी किस्मत खुलती है।

मिली जानकारी के अनुसार आईएएस के दो पदों के लिए जिन 10 अधिकारियों के पेनल बनाए गए हैं, उनमें ऋषभ कुमार पराशर, तरूण कुमार किरण, श्रुति प्रसन्ना नेरकर, पवन कुमार गुप्ता, विनय गुप्ता, पीएल साहू, अभिषेक त्रिपाठी, राकेश पुरम, संतोष मौर्या और धीरज नशीने शामिल हैं। इसके लिए 30 दिसम्बर को साक्षात्कार होगा। अब देखना होगा कि किसकी किस्मत खुलती है। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा राजनीतिक एवं अन्य समीकरण के आधार पर किया जाता है। छत्तीसगढ़ में एलॉयड सर्विस कोटे से आईएएस के दो पद खाली हैं। पहले अनुराग पाण्डेय रिटायर हुए, फिर शारदा वर्मा रिटायर हुईं। इन दोनों अधिकारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने दोनों पदों को भरने के लिए विभागों से आवेदन आमंत्रित किया था।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार के दो दर्जन अधिकारियों ने आईएएस बनने के लिए आवेदन किया था। इनमें से 16 को इंटरव्यू में बुलाया गया। मुख्य सचिव विकास शील की अध्यक्षता में पिछले महीने मंत्रालय में इंटरव्यू हुआ था। इंटरव्यू में सीएस विकास शील के साथ एसीएस होम मनोज पिंगुआ और जीएडी सिकरेट्री रजत कुमार शामिल थे।

यूपीएससी के नियमानुसार एक पद के विरूद्ध पांच नाम भेजे जाते हैं। सो, इंटरव्यू के बाद राज्य सरकार ने दो पदों के लिए 10 नामों का पेनल यूपीएससी को भेजा था। यूपीएससी ने इंटरव्यू के लिए 30 दिसंबर का डेट फायनल कर दिया है। इंटरव्यू में यूपीएससी चेयरमैन, डीओपीटी सिकरेट्री या उनके नामिनी तथा छत्तीसगढ़ से चीफ सिकरेट्री विकास शील, कोई सीनियर एसीएस और जीएडी सिकरेट्री रजत कुमार बैठेंगे।

मंत्रालय के गलियारों से मिली जानकारी के अनुसार नॉन एलॉयड सर्विस से आईएएस बनने में उसी का नंबर लगता है, जिसका जैक सबसे बड़ा होता है। छत्तीसगढ़ ही नहीं, देश के सारे राज्यों में ऐसा ही होता है। राज्य सरकार जिसे चाहती है, यूपीएससी सलेकशन कमेटी उस पर मुहर लगा देती है। दरअसल, नाम ही इस प्रकार यूपीएससी को भेजा जाता है कि जिन्हें बनाना हो, उन्हें कोई खतरा न हो। और यूपीएससी उस पर मुहर लगा दे।

जनसंपर्क विभाग से इस बार पेनल में दो नाम भेजे गए हैं। पवन कुमार गुप्ता और संतोष मौर्या। छत्तीसगढ़ बनने के बाद रमन सिंह सरकार के दौर में अलॉयड सर्विस से पहला आईएएस आलोक अवस्थी बने थे, वे जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक थे। इसके बाद तीन बार अलॉयड कोटे से आईएएस चुने गए मगर जनसंपर्क विभाग से किसी का नंबर नहीं लग सका। इस बार दो अधिकारियों के नाम है। अब देखना है, इस बार जनसंपर्क विभाग से किसी को नंबर लगता है कि नहीं।

## असामाजिक तत्वों ने आगजनी, पार्षद ने की सहायता

**रायपुर ।** विगत रात्रि लगभग 11 बजे नगर निगम रायपुर के जोन 10 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 49 के अंतर्गत पुरैना में आर्च ब्रिज के पास कतिपय अज्ञात असामाजिक तत्वों ने झोपड़ी में आगजनी कर दी. स्थानीय निवासियों ने उसी समय घटना की जानकारी वार्ड 49 की पार्षद और एमआईसी सदस्य डॉ अनामिका सिंह को दी. जानकारी मिलते ही एमआईसी सदस्य डॉ अनामिका सिंह तत्काल सम्बंधित स्थल पर पहुंचीं और तत्काल घटना की जानकारी नगर निगम जोन 10,फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस थाना बल को दी.

वार्ड पार्षद और एमआईसी सदस्य डॉ अनामिका सिंह से घटना की सूचना मिलते ही तुरंत नगर निगम जोन 10, फायर ब्रिगेड, स्थानीय पुलिस थाना बल की टीम वहाँ पहुंचीं और स्थानीय निवासियों के सहयोग से मिलकर अभियान चलाकर झोपड़ी की आगजनी से फैल रही आग को तुरंत नियंत्रित कर लिया. इस दौरान स्थानीय निवासी श्रीमती खातून बकाली की झोपड़ी आगजनी की चपेट में आ गयी।

## कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने कृषि योजनाओं के तहत लगाए फसलों का निरीक्षण किया

### ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मक्का फसल अपनाने पर जताई प्रसन्नता

**रायपुर।** कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव कृषि उत्पादन शहला निगार ने आज जिले के विकासखंड आरंग अंतर्गत ग्राम नकटा, चटौद एवं नरदहा का निरीक्षण कर विभिन्न कृषि योजनाओं के अंतर्गत संचालित फसलों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम नकटा में राष्ट्रीय विकास योजनांतर्गत 2.50 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी मक्का फसल का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार ग्राम चटौद में बीज ग्राम योजना के अंतर्गत 6 हेक्टेयर में गेहूं तथा 3 हेक्टेयर में चना फसल का अवलोकन किया गया। ग्राम नरदहा में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत 40 हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का फसल की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान निगार ने कृषकों से संवाद कर योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। ग्राम चटौद में ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मक्का फसल लगाए जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा अन्य ग्रामों के कृषकों को भी ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मक्का एवं अन्य वैकल्पिक फसलों को अपनाने एवं हरा चारा लगाने के लिए प्रेरित किया। कृषि उत्पादन आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कृषकों को योजनाओं के मापदंड की विस्तृत जानकारी दें तथा निर्धारित मापदंडों के अनुसार प्रदर्शन आयोजित करें। साथ ही उन्होंने गत वर्ष के ग्रीष्मकालीन धान, दलहन एवं तिलहन फसलों के रकबे की जानकारी प्राप्त कर उसके आधार पर फसल परिवर्तन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त संचालक कृषि गयाराम, उप संचालक कृषि सतीश अवस्थी, सहायक संचालक कृषि ममता पाटिल, सहायक संचालक कृषि रविंद्र मून, कृषि विकास अधिकारी मानस चौधरी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# क्षमता विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

रायपुर, 24 दिसंबर (आरएनएस)। मुख्य सचिव विकासशील ने कहा है कि विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की क्षमता विकास के लिए विभाग की जरूरत एवं पदों के अनुरूप प्रशिक्षण कोर्स तय किए जायें, जिससे वे कार्यक्रम मिशन कर्मयोगी के लक्ष्य के अनुरूप कार्य कर सकें। मुख्य सचिव ने कहा कि कर्मचारियों की पदोन्नति एवं नवीन पदस्थापना होने पर उन्हें अपने नवीन पद के दायित्वों एवं कर्त्तव्यों के निर्वहन एवं क्षमता विकास के लिए एक सप्ताह का संस्थागत प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। मुख्य सचिव ने आज यहां नवा रायपुर के आई.आई.आई.टी. में क्षमता विकास आयोग भारत सरकार तथा छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्बोधित किया। कार्यशाला में गृह एवं जेल विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ भी शामिल हुए। मुख्य सचिव ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारियों से क्षमता विकास कार्यशाला में क्षमता आयोग भारत सरकार की तकनीकी के सदस्यों से प्रशिक्षण कोर्स के संबंधी जरूरी मार्गदर्शन एवं तकनीकी जानकारी हासिल कर लें। क्षमता विकास पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाल में राज्य शासन के चयनित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी को अपने विभाग की क्षमता विकास योजना बनाने हेतु आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल की तकनीकों का डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से मार्गदर्शन एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यशाला में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास तथा परिवहन विभाग द्वारा क्षमता विकास के लिए तैयार प्रशिक्षण कोर्स का प्रस्तुतिकरण के जरिए प्रदर्शन किया गया। जिसे अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भी देखा गया। आगामी दिनों में क्षमता निर्माण योजना पर आधारित अन्य विभागों के लिए आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में क्षमता विकास आयोग भारत सरकार की तकनीकी टीम के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण कोर्स बनाने कम्प्यूटर आधारित व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यशाला में क्षमता विकास आयोग के चेयरपर्सन श्रीमती एस.राधा. चौहान ने भारत सरकार के महत्वपूर्ण कर्मचारी मिशन कर्मयोगी के तहत तथा विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

# स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वदेशी संकल्प यात्रा का दुर्ग में ऐतिहासिक, भव्य स्वागत एवं समापन हुआ

### कैट दुर्ग इकाई के नये कार्यालय शुभारंभ हुआ




**दैनिक लोकशक्ति,रायपुर।** CAIT एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वदेशी संकल्प यात्रा का शुभारंभ 27 नवम्बर 2025 को राजनांदगांव जिले से हुआ था, जो कि प्रदेष में लगभग 25 दिनों में 2500 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण करते हुए 20 दिसम्बर 2025 को दुर्ग जिले में ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी एवं स्वदेशी जागरण मंच छत्तीसगढ़ के प्रांत संयोजक श्री जगदीश पटेल ने बताया कि ष्ट्रढ्ढञ्ज एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वदेशी संकल्प यात्रा का शुभारंभ 27 नवम्बर 2025 को राजनांदगांव जिले से हुआ था। जो प्रदेष में लगभग 25 दिनों में 2500 किलोमीटर की निम्नानसुर यात्रा की -राजनंदगांव, कवर्धा, बेमेतरा, सिमगा भाटापारा, बलौदा बाजार, जांजगीर, सक्ती, रायगढ़, पत्थलगांव, अंबिकापुर, बलरामपुर, सूरजपुर, बैकुण्ठपुर, मनेन्द्रगढ़, पेंड्रा, बिलासपुर, चकरभाठा, पथरिया, मुंगेली, रायपुर, आरंग, पिथौरा, सरायपाली, महासमुंद , राजिम, कांकेर, कोंडागांव, जगदलपुर, नारायणपुर, भानुप्रतापुर, दल्लीराजहरा, बालोद, भिलाई, दुर्ग में यात्रा का समापन हुआ।

**यात्रा का उद्देश्य :-** स्वदेशी का संकल्प, आत्मनिर्भर भारत का निर्माण, यह यात्रा ÷वोकल फॉर लोकल÷ एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने हेतु आयोजित की गई थी। इस यात्रा ने यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि - स्वदेशी उत्पादों को अपनाना आज की आवश्यकता है ,स्थानीय व्यापार को सशक्त कर ही राष्ट्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। डिजिटल व्यापार एवं आधुनिक वाणिज्य से नए अवसरों का सृजन संभव है, व्यापारियों एवं नागरिकों ने एकजुट होकर स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प लिया और यात्रा के उद्देश्य को पूर्ण समर्थन दिया। ÷वोकल फॉर लोकल÷, ÷स्वदेशी अपनाओ - आत्मनिर्भर भारत बनाओ÷ के संदेश को प्रदेश के प्रत्येक शहर, बाजार एवं व्यापारी वर्ग तक पहुँचाना रहा।दुर्ग में स्वदेशी संकल्प यात्रा के शुभारंभ एवं समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री गजेन्द्र यादव जी (मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) उपस्थित रहे। उनके साथ अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला उद्यमी, युवा व्यापारी एवं व्यापारी वर्ग की उल्लेखनीय सहभागिता रही। इसी कड़ी में माननीय श्री गजेन्द्र यादव जी (मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) के द्वारा कैट दुर्ग इकाई के नये कार्यालय का शुभारंभ किया गया। यह कार्यालय व्यापारियों की एकता, संघर्ष और सफलता का प्रतीक है। यह परिसर व्यापारी समाज के लिए मार्गदर्शन, सहयोग और सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा। यहां से व्यापारियों की समस्याओं का समाधान, नीतिगत चर्चाएँ और सामाजिक-आर्थिक उत्थान हेतु ठोस पहलें की जाएंगी। यह कार्यालय सिर्फ स्थान नहीं, बल्कि व्यापारियों के लिए 'सशक्तिकरण का केंद्र' होगा, जहां से व्यापारी वर्ग की आवाज और अधिक मजबूती से उठेगी।

## केरल मॉब लिंचिंग पीड़ित का अंतिम संस्कार, गांव में पसरा मातम

सक्ती ।केरल में कथित मॉब लिंचिंग की घटना में जान गंवाने वाले रामनारायण बघेल का पार्थिव शरीर उनके गृह ग्राम करही पहुंचते ही पूरे इलाके में शोक का माहौल बन गया। शव के गांव पहुंचने पर हर आंख नम दिखी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

अंतिम यात्रा में सक्ती स्ष्ठरू तहसीलदार, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। पूरे गांव में गमगीन माहौल रहा। करही स्थित मुक्तिधाम में पूरे विधि-विधान के साथ मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

इस मामले में केरल प्रशासन ने पीड़ित परिवार की मांगों पर संवेदनशील रुख अपनाया है। घटना को लेकर आरोपियों पर मॉब लिंचिंग और स्ष्ट-स्ञ्ज एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। पूरे प्रकरण की जांच के लिए स्ढ्ढञ्ज का गठन किया गया है।

# मंत्रीगणों एवं पुलिस अधिकारियों को गॉर्ड ऑफऑनर दिए जाने की परंपरा समाप्त

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की विशेष पहल से औपनिवेशिक परंपरा में ऐतिहासिक बदलाव

### प्रशासनिक सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम



रायपुर, दिसम्बर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य के मंत्रीगणों और पुलिस के आला अधिकारियों को सामान्य दौरे, निरीक्षण, भ्रमण के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर दिए जाने की औपनिवेशिक परंपरा को समाप्त कर दिया गया है। गृह विभाग द्वारा गार्ड ऑफऑनर के नियमों में संशोधन किए जाने का आदेश जारी कर दिया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा की विशेष पहल पर गृह विभाग ने गार्ड ऑफ ऑनर की औपनिवेशिक काल से चली आ रही परंपरा की समीक्षा करने के उपरांत इसमें संशोधन का आदेश जारी किया है। इसका उद्देश्य पुलिस बल की कार्यक्षमता का उपयोग कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने और औपनिवेशिक सोच से जुड़ी परंपराओं को समाप्त करना है। गौरतलब है कि गृहमंत्री विजय शर्मा ने स्वयं विभाग के अधिकारियों को गार्ड ऑफ ऑनर की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा कर इसमें वर्तमान स्थिति में आवश्यकतानुसार बदलाव करने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में गृह विभाग ने पुलिस बल को अनावश्यक औपचारिकताओं से मुक्त कर उनकी कार्यक्षमता का उपयोग उनके मूल दायित्वों के पालन के लिए यह संशोधन किया है। सामान्य दौरों में सलामी गारद समाप्त जारी आदेश के तहत राज्य के भीतर सामान्य दौरों, आगमन-प्रस्थान एवं निरीक्षण के दौरान अब गृहमंत्री, समस्त मंत्रीगण, पुलिस महानिदेशक सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) नहीं दिया जाएगा। जिला भ्रमण, दौरे या निरीक्षण के समय पूर्व में प्रचलित सलामी व्यवस्था को पूर्णतः समाप्त कर दिया गया है। इससे पुलिस बल का समय और ऊर्जा का प्रभावी उपयोग सुरक्षा, कानून-व्यवस्था तथा जनसेवा के कार्यों में हो सकेगा। राष्ट्रीय एवं राजकीय आयोजनों में यथावत व्यवस्था यह प्रतिबंध राष्ट्रीय और राजकीय समारोहों पर लागू नहीं होगा। गणतंत्र दिवस (26 जनवरी), स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त), शहीद पुलिस स्मृति दिवस (21 अक्टूबर), राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर), राजकीय समारोहों तथा पुलिस दीक्षांत परेड जैसे अवसरों पर औपचारिक सलामी गारद की व्यवस्था पूर्ववत रहेगी। संवैधानिक पदों के लिए प्रोटोकॉल जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रोटोकॉल के अनुसार संवैधानिक पदों पर आसीन महानुभावों एवं विशिष्ट अतिथियों के लिए सलामी गारद की व्यवस्था पहले की तरह यथावत रहेगी।

## एमडीएमए ड्रग्स के साथ दो और आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर ।** रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एम.डी.एम.ए ड्रग्स सिंडीकेट से जुड़े दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ड्रग्स, नकदी, मोबाइल फोन और एक लग्जरी चारपहिया वाहन जब्त किया गया है, जिसकी कुल कीमत करीब 25 लाख रुपये आंकी गई है। मामले में पुलिस ने अब तक कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि रायपुर की न्यू राजेन्द्र नगर थाना पुलिस ने दो दिन पहले ही सूचना के आधार पर न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्र स्थित वरण अपार्टमेंट के एक फ्लैट में रेड कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया था और मौके से 10 ग्राम एम.डी.एम.ए ड्रग्स, 20 हजार रुपये नकद और 4 मोबाइल फोन जब्त किए थे। गिरफ्तार आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर एम.डी.एम.ए ड्रग्स के पूरे सिंडीकेट का खुलासा हुआ। पूछताछ में यह बात सामने आई कि ड्रग्स की खरीद-बिक्री में ईवेंट डेकोरेशन के काम से जुड़े लोग भी शामिल हैं। इसी आधार पर पुलिस ने मंदिर हसौद निवासी मोहम्मद माजिद को गिरफ्तार किया।

# ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल में शिव स्तुति के साथ शिव तांडव की गूँज, शिव स्तुति के सात रसों से मंत्रमुग्ध हुआ विद्यालय परिसर

### विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन और नाटक के माध्यम से शिव भक्ति, ऊर्जा और नेतृत्व के मूल्यों का अद्भुत संगम किया प्रस्तुत




**दैनिक लोकशक्ति,रायपुर** ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल का परिसर शिव भक्ति, आध्यात्मिक ऊर्जा और सृजनात्मक अभिव्यक्ति से ओत-प्रोत हो उठा, जब विद्यालय में आयोजित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिव तांडव की गूँज और शिव स्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण, बोलो हर हर हर शिवाय शीर्षक से प्रस्तुत शिव स्तुति का नृत्य रहा, जिसमें शिव के सात रसों को भावपूर्ण नृत्य के माध्यम से जीवंत किया गया, जिसमे, शांत रस ने शिव की निराकार और शांत प्रकृति को दर्शाया।

वीर रस में महाकाल के रौद्र रूप और राक्षसों के संहार का प्रतीक प्रस्तुत हुआ।

करुण रस में भक्तों पर दया करने वाले कृपालु स्वरूप की झलक दिखाई दी ङ्क कृपालं दयालं।

अद्भुत रस ने गंगा, चंद्रमा और सर्प धारण करने वाले शिव के विश्वरूप को विस्मयकारी ढंग से उकेरा।

भयानक रस में काल का संहार करने वाले, यम को जीतने वाले महाकालकालं रूप का प्रभावशाली चित्रण हुआ।

श्रृंगार रस में पार्वती के पति और गौरी के प्रियतम के गृहस्थ स्वरूप को दर्शाया गया।

वात्सल्य रस में माता-पिता के रूप में बच्चों और भक्तों के प्रति शिव के स्नेह को भावुकता से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को और अधिक ऊर्जावान बनाते हुए कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने आरंभ है प्रचंड, बोले मस्तकों के झुंड का तेजस्वी और जोशीला गायन प्रस्तुत किया, जिसने पूरे वातावरण में उत्साह भर दिया।

इसके साथ ही लीडरशिप इन मी की सात आदतों को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को प्रेरणादायक और व्यवहारिक सीख दी गई। नाटक में प्रोएक्टिव बनने, लक्ष्य को ध्यान में रखकर योजना बनाने, प्राथमिकताओं पर कार्य करने, जीत-जीत की सोच रखने, पहले समझने और फिर समझाने, तालमेल बिठाने तथा स्वयं को निरंतर बेहतर बनाने जैसे जीवन मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया।

कार्यक्रम के समापन पर 100 से अधिक आवासी विद्यार्थियों ने एक साथ शिव तांडव स्तोत्र का सामूहिक गायन किया। शिव तांडव की गूंज से पूरा स्कूल परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा और उपस्थित सभी शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी भावविभोर हो गए।यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति था, बल्कि विद्यार्थियों में भक्ति, अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व के गुणों को विकसित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास भी सिद्ध हुआ।

## स्वास्थ्यमंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नववर्ष कलेक्टर का किया विमोचन



### संयोजक कर्मचारी के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष टारजन के मार्गदर्शन में हुआ

**दैनिक लोकशक्ति,रायपुर।** मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से उनके आवास में स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष टारजन गुप्ता के मार्गदर्शन में मुलाकात कर नए वर्ष के कैलेंडर का विमोचन किया साथ ही कर्मचारियों की समस्या को अवगत कराया गया । साथ ही मान्यता मिलने और कर्मचारियों को बीमा का लाभ प्रदाय करने के लिए आभार प्रकट किया गया । जिसमें स्वास्थ्य मंत्री जी ने कर्मचारी हितों के लिए तत्काल समाधान के निर्देश दिए और स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ को शासन से मान्यता मिलने पर बधाई दी ।

## संपादकीय

### कोडीन माफिया का आक़ा कौन?

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोडीन कफ सिरप मामले से जुड़े हर सवाल का जवाब दिया, विधानसभा में सबूत पेश किए और समाजवादी पार्टी को आड़े हाथों लिया। योगी ने बताया कि कफसिरप घोटाले में अब तक 77 लोग पकड़े जा चुके हैं, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इसके बाद योगी आदित्यनाथ ने ये कहकर चौंका दिया कि पकड़े गए आरोपियों की पृष्ठभूमि में जाने पर उनका कोई न कोई नाता समाजवादी पार्टी से जुड़ रहा है। योगी ने विधानसभा में आरोपियों की तस्वीरें दिखाई, घोटाले में शामिल किरदारों के नाम बताए, केस में शामिल समाजवादी पार्टी के नेताओं का खुलासा किया। फिर योगी ने घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई करने की चेतावनी दी।



## जीवन भर की पूंजी ठग लेते हैं साइबर ठगों

**हरिशंकर व्यास**

ठगों का जब खातों का नेटवर्क बन जाता है तो वे फिर आसामी खोजते हैं। उससे डिजिटल अरेस्ट जैसे बहानों से बैंक खाते से पैसे ऐंठते हैं। डिजिटल अरेस्ट के लिए जो तरीके अपनाए जाते हैं उनमें सबसे प्रचलित यह है कि उस व्यक्ति के यहां फोन करके उसको यकीन दिलाया जाता है कि सामने से किसी लॉ इन्फोर्समेंट एजेंसी यानी पुलिस, ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स विभाग का कोई व्यक्ति बोल रहा है। वह बताएगा कि आपके खाते में हवाला से पैसे आए हैं या किसी ड्रग स्मगलर के फोन में आपका नंबर मिला है या आपके पार्सल में ड्रग्स मिले हैं या आपके नाम का पासपोर्ट मिला है, जिस पर कोई आतंकवादी ट्रैवल कर रहा था या इस तरह की कई बातें हो सकती हैं। कई लोगों को खाता बंद होने की धमकी आती है तो कई लोगों को केवाईसी के लिए कहा जाता है, कई लोगों को मोबाइल बंद होने या बिजली कट जाने की बात कही जाती है तो कई लोगों को बड़े मुनाफे का लालच दिया जाता है।

बहुत सारे लोग इसमें नहीं फंसते हैं। लेकिन ठगों का मकसद बहुत लोगों को फंसाना नहीं होता है। कोई भी पैसे वाला व्यक्ति इसमें फंसेगा तो उससे वे जीवन भर की पूंजी ठग लेते हैं। इसके बाद वे ठगी के पैसे को अलग अलग खातों में भेजना शुरू करते हैं। इसे लेयरिंग कहा जाता है। वे कई लेयर बना कर रखते हैं। एक खाते से दूसरे में और दूसरे से तीसरे खाते में पैसे भेज कर ये अपने म्यूल से पैसे निकलवाते हैं या एटीएम को जरिए निकालते हैं या सीधे वहां से क्रिप्टो करेंसी खरीदने के लिए भेज देते हैं।

इस तरह पुलिस या जांच एजेंसियों की पहुंच असली ठग तक नहीं होती है। वे जांच करते करते पहुंचते हैं उन बेचारे गरीब, बेरोजगार या पैसे के लालच में अपना खाता दूसरों को इस्तेमाल के लिए देने वालों के पास। वे अनजाने में एक अपराध में शामिल हुए होते हैं और इसके लिए उनकी गिरफ्तारी होती है और वे जेल भी जाते हैं। यह धंधा इतना फल फूल रहा है कि भारत में शायद ही कोई व्यक्ति होगा, जिसके मोबाइल नंबर पर या ईमेल में इस किस्म के काम का मैसेज नहीं आया होगा। 2014 में मोदी सरकार ने जन धन खाते खुलवाए थे। 10 साल बाद बताया गया है कि 57 करोड़ से ज्यादा खाते खुले, जिसमें से 15 करोड़ से ज्यादा खाते निष्क्रिय हैं। ऐसे निष्क्रिय खातों का इस्तेमाल भी हवाला के पैसे को सफेद बनाने या ठगी के पैसे को जमा करने या निकालने के काम आता है। इसमें ठगों के साथ बैंककर्मियों की मिलीभगत भी होती है।



# भारत के नए मुक्त व्यापार समझौते से खेत से लेकर



**पियूष गोयल**
केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री



भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफ्टीए) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यापार कूटनीति में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम को प्रतिबिंबित करता है - यह रोजगार सृजन को तेज करता है, निवेश को बढ़ावा देता है और भारत के छोटे व्यवसायों, छात्रों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए परिवर्तनकारी अवसरों के द्वार खोलता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री महामहिम क्रिस्टोफर लक्सन द्वारा संयुक्त रूप से घोषित यह समझौता, मोदी सरकार किया गया सातवां एफ्टीए है और 2025 का तीसरा प्रमुख व्यापार समझौता है, जो ब्रिटेन और ओमान के साथ हुए ऐतिहासिक, लाभकारी समझौतों के बाद हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये सभी एफ्टीए विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति आय भारत से काफी अधिक है। यह एफ्टीए वैश्विक व्यापार वार्ताओं में भारत की बढ़ती शक्ति और विश्वसनीयता को रेखांकित करता है।

प्रत्येक समझौते पर सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के बाद वार्ता की गई है, जिससे संतुलित परिणाम सामने आये हैं और विकसित दुनिया के साथ वास्तविक लाभकारी सहभागिता सुनिश्चित हुई है।

**रोजगार, विकास और बाजार पहुंच**

इस एफटीए का एक केंद्रीय स्तंभ रोजगार सृजन है। न्यूजीलैंड भारतीय निर्यात की शत-प्रतिशत पहुंच के लिए शून्य-शुल्क की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे भारत के श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र, चमड़ा, परिधान, जूते, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प और इंजीनियरिंग वस्तुओं को अत्यधिक बढ़ावा मिलेगा। इसका सीधा लाभ भारतीय श्रमिकों, कारीगरों, महिला उद्यमियों, युवाओं और एमएसएमई क्षेत्र को मिलेगा।

भारत ने अपनी बाजार पहुँच और सेवाओं की पेशकश को भी सुरक्षित किया है, जिसमें दूरसंचार, निर्माण, आईटी, वित्तीय सेवाएं, यात्रा और पर्यटन समेत 118 सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है। यह विस्तारित पहुंच, भारतीय पेशेवरों और व्यवसायों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और विकास के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी।

**पेशेवरों, छात्रों और युवाओं के लिए अवसर**

इस समझौते में भारतीय पेशेवरों और छात्रों के लिए प्रवेश और रहने के बेहतर प्रावधान हैं। यह समझौता अध्ययन के दौरान काम करने के अवसर, अध्ययन के बाद रोजगार और एक सुव्यवस्थित कार्य-अवकाश (वर्किंग-हॉलिडे) वीज़ा व्यवस्था को सक्षम बनाता है।

एसटीईएम स्नातक और परास्नातक अब तीन वर्षों तक काम कर सकते हैं, जबकि डॉक्टरेट शोधकर्ता चार वर्षों तक काम कर सकते हैं, जिससे भारत के युवाओं के लिए अभूतपूर्व वैश्विक अनुभव और कैरियर के मार्ग खुलते हैं। एक नया अस्थायी रोजगार प्रवेश वीज़ा उन कुशल भारतीय पेशेवरों का समर्थन करता है, जो अंतरराष्ट्रीय अवसरों की तलाश में हैं।

**किसानों की तरक्की**

प्रधानमंत्री मोदी का विज़न स्पष्ट हैः भारतीय किसानों को वैश्विक मंच पर सार्थक भूमिका निभानी चाहिए। एफ्टीए इस प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है।

इस समझौते के तहत सेब, कीवी और शहद को शामिल करते हुए एक कृषि उत्पादन साझेदारी स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य घरेलू उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना है। न्यूजीलैंड ने बासमती चावल के लिए जीआई स्तर सुरक्षा देने की भी प्रतिबद्धता जताई है, जिससे भारतीय चावल किसानों को मजबूत समर्थन मिलेगा।

महत्वपूर्ण रूप से, भारत ने सुनिश्चित किया है कि चावल, डेयरी, गेहूं, सोया और अन्य प्रमुख कृषि उत्पाद जैसे संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित रहें और किसी भी बाज़ार के खुलने से घरेलू आजीविका को कोई नुकसान ना पहुंचे।

**अभिनव एफटीए और निवेश प्रतिबद्धताएं**

भारत के एफटीए आज सिर्फ शुल्क-कटौती से कहीं आगे बढ़ गये हैं। ये एफ टीए किसान, एमएसएमई, महिलाओं और युवाओं के लिए नए अवसर खोलने के उपाय हैं, साथ ही ये राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा भी करते हैं।

विभिन्न व्यापार समझौतों से भारतीय निर्यात तत्काल या तेज शुल्क उन्मूलन के जरिये लाभान्वित होता है, जबकि भारत के अपने बाजार का खुलना सोच-समझकर और धीरे-धीरे हो रहा है। न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में 20 बिलियन डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, जो भारत के ईएफ्टीए देशों - स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टाइन - के साथ हुए एफ्टीए के निवेश से जुड़े अभिनव प्रावधानों को दर्शाता है।

न्यूजीलैंड के लिए, यह भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में एक बड़े छलांग का प्रतीक है। पिछले 25 वर्षों में, न्यूजीलैंड ने भारत में लगभग 643 करोड़ रुपये का निवेश किया है। नई प्रतिबद्धता - अगले 15 वर्षों में लगभग 1.8 लाख करोड़ रुपये - एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें निवेश लक्ष्यों को पूरा न करने पर दुबारा पूरा करने की व्यवस्था का प्रावधान है।

इस निवेश का अधिकांश हिस्सा कृषि, डेयरी, एमएसएमई, शिक्षा, खेल और युवाओं के विकास का समर्थन करेगा, जिससे व्यापक और समावेशी विकास सुनिश्चित होगा।

**भारत का पहला महिला-नेतृत्व वाला एफटीए**

यह समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि हैः यह भारत का पहला महिला-नेतृत्व वाला एफ टीए है। वार्ता करने वाली पूरी टीम के सदस्यों में - मुख्य वार्ताकार और उपमुख्य वार्ताकार से लेकर वस्तु, सेवा, निवेश की प्रतिनिधि और न्यूजीलैंड में हमारी राजदूत तक ङ्क अधिकाँश महिलायें थीं। हमारी सक्षम महिलाएं प्रधानमंत्री के विकास एजेंडा में नेतृत्व भूमिका निभाने लगी हैं।

**भारत की एफटीए रणनीति**

भारत-न्यूजीलैंड एफ्टीए भारत की स्पष्ट रणनीति का उदाहरण हैः विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ साझेदारी करना, जो भारतीय उत्पादों के साथ अनुचित प्रतिस्पर्धा किए बिना भारत के श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए अपने बाजार खोलती हैं।

मोदी सरकार के तहत हुए व्यापार समझौते मात्र लेन-देन नहीं हैं–ये अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और भारतीयों, विशेषकर सबसे गरीब लोगों, के जीवन को बेहतर बनाने के व्यापक मिशन का हिस्सा हैं। इस रणनीति ने भारत के 2014 के 'कमजोर पांच' में से एक होने की स्थिति को बदल दिया है, अब देश वैश्विक विकास का इंजन और वैश्विक स्तर पर व्यापार और निवेश का पसंदीदा साझेदार बन गया है।

आज भारत आत्मविश्वास और ताकत के साथ वार्ता करता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि कृषि, डेयरी और अन्य संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित रहें और समझौते केवल तभी किए जाएं, जब वे पारस्परिक लाभ प्रदान करते हों।

**व्यापार शासन में ताजगी भरा बदलाव**

भारत का वर्तमान दृष्टिकोण अतीत की तुलना में बहुत अलग है। पहले की व्यापारिक नीतियाँ अक्सर पर्याप्त परामर्श के बिना, भारतीय बाजारों को सस्ते आयात के जोखिम में डाल देती थीं तथा छोटे व्यवसायों और नौकरियों को खतरे में डालती थीं। प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा, विश्वसनीयता और वार्ता शक्ति को बहाल किया है।

भारतङ्कन्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफ्टीए), जिसे भारतीय उद्योग जगत में सराहना मिली है, 2014 के बाद शासन में हुए इस ताजगी भरे बदलाव का परिणाम है।

वस्तु, सेवा, निवेश और गतिशीलता को एकीकृत करके और राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा करते हुए, यह समझौता भारत की आधुनिक, समावेशी और संतुलित व्यापार कूटनीति को प्रतिबिंबित करता है। जैसे-जैसे भारत और न्यूजीलैंड आर्थिक एकीकरण को मजबूत कर रहे हैं, यह एफ्टीए दिखाता है कि व्यापार कैसे बाजार को खोल सकता है और सीमाओं के पार मानव-केंद्रित विकास और साझा समृद्धि प्रदान कर सकता है।

**(लेखक केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं)**

# नशे की गिरफ्त में दुनिया,नए भारत के सामने सामाजिक और नैतिक चुनौती

**महान साहित्यकार प्रेमचंद ने कहा था– युवक वही है जो अपनी ऊर्जा समाज के निर्माण में लगाए, विनाश में नहीं। यह कथन आज के भारत और विश्व की वर्तमान स्थिति पर बिल्कुल सटीक बैठता है। इक्कीसवीं सदी का भारत एक ओर आर्थिक प्रगति, तकनीकी नवाचार और वैश्विक मंच पर नेतृत्व की ओर अग्रसर है, तो दूसरी ओर नशे की बढ़ती हुई प्रवृत्ति एक ऐसी सामाजिक महामारी के रूप में उभर रही है, जो हमारी युवा चेतना, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय भविष्य को भीतर से खोखला कर रही है। यह संकट केवल भारत तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी दुनिया सूखे नशे और सिंथेटिक ड्रग्स की गिरफ्त में है, जहाँ विकास के साथ विनाश का यह छद्म चेहरा भी तेजी से फैल रहा है।**



महात्मा गांधी ने नशे को केवल व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि सामाजिक पतन का मूल कारण माना था। उन्होंने स्पष्ट कहा था– ÷नशा मनुष्य की विवेक शक्ति को हर लेता है और विवेकहीन समाज स्वतंत्र नहीं रह सकता।÷ गांधीजी के लिए स्वराज केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि आत्मसंयम और नैतिक अनुशासन पर आधारित था। आज जब नशा व्यक्ति की चेतना और निर्णय क्षमता को नष्ट कर रहा है, तब यह स्वराज की आत्मा पर सीधा आघात है। इसी तरह स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा था– ÷ताकत शरीर में नहीं, चरित्र में होती है। जो अपनी इंद्रियों का दास है, वह राष्ट्र का निर्माता नहीं बन सकता।÷ नशा इंद्रियों को नहीं, बल्कि इंद्रियों के माध्यम से पूरे व्यक्तित्व को दास बना लेता है, और यही कारण है कि नशे में डूबा युवा अपने ही भविष्य का शत्रु बन जाता है।

वैश्विक संदर्भ में देखें तो संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्टें यह संकेत देती हैं कि दुनिया में ड्रग्स का अवैध कारोबार हथियारों की तस्करी के बाद सबसे बड़ा संगठित अपराध बन चुका है। अरबों डॉलर का यह काला धन आतंकवाद, मानव तस्करी और हिंसक अपराधों को पोषित कर रहा है। भारत की भौगोलिक स्थिति–'गोल्डन क्रीसेंट' और 'गोल्डन ट्रायंगल' के बीच–इसे इस वैश्विक जाल के प्रति और अधिक संवेदनशील बना देती है। नए भारत की समुद्री सीमाएँ, डिजिटल अर्थव्यवस्था और खुला वैश्विक संपर्क जहाँ विकास के प्रतीक हैं, वहीं नशा तस्करों के लिए नए रास्ते भी बनते जा रहे हैं। भगवान बुद्ध ने सदियों पहले चेतावनी दी थी– ÷मद्यपान प्रमाद को जन्म देता है और प्रमाद से दुख।÷ यह कथन आज भी उतना ही सत्य है, क्योंकि नशा व्यक्ति को प्रमाद की अवस्था में ले जाकर अपराध, हिंसा और आत्मविनाश की ओर धकेल देता है।

नशे का सबसे भयावह पहलू यह है कि यह मनुष्य की संवेदना, करुणा और नैतिकता को धीरे-धीरे समाप्त कर देता है। एक बार मस्तिष्क की कार्यप्रणाली प्रभावित होने पर व्यक्ति अपराध करने में संकोच नहीं करता। यही कारण है कि नशे से जुड़े बलात्कार, हत्या, लूट और सड़क दुर्घटनाएँ समाज के लिए स्थायी भय का कारण बनती जा रही हैं। आचार्य विनोबा भावे ने कहा था– ÷जिस समाज में संयम नहीं, वहाँ शांति नहीं।÷ नशा संयम का सबसे बड़ा शत्रु है और इसलिए सामाजिक अशांति को जन्म देता है। सोशल मीडिया और डार्क वेब के माध्यम से ड्रग्स की आसान उपलब्धता ने किशोरों और युवाओं को इस लत के और निकट पहुँचा दिया है, जहाँ 'फैशन' और 'स्टेटस' के नाम पर विनाश को स्वीकार किया जा रहा है।

फिल्म, ग्लैमर और पार्टी संस्कृति ने अनजाने में नशे को सामान्य और आकर्षक बनाकर प्रस्तुत किया है। रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा था– ÷जहाँ मन भय से मुक्त हो और विवेक जाग्रत हो, वही सच्ची स्वतंत्रता है।÷ परंतु नशा भय और भ्रम दोनों को जन्म देता है, जिससे न तो मन मुक्त रहता है और न विवेक जाग्रत। ग्रामीण और अर्धशहरी भारत में सस्ती शराब और नशीली दवाओं का दुरुपयोग गरीबी, घरेलू हिंसा और पारिवारिक विघटन को बढ़ा रहा है, जिससे सामाजिक असमानता और पीढ़ीगत पतन गहराता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यह कहना कि ÷नशा समाज का नहीं, संकल्प का शत्रु है÷ इस संघर्ष की दिशा स्पष्ट करता है। यह लड़ाई केवल कानून और पुलिस की नहीं, बल्कि जनचेतना और नैतिक पुनर्जागरण की है। आवश्यकता है एक समन्वित राष्ट्रीय नीति की, जो वैश्विक सहयोग, सख्त प्रवर्तन, डिजिटल निगरानी, प्रभावी पुनर्वास और व्यापक जनजागरूकता को एक साथ आगे बढ़ाए। स्कूलों में जीवन-कौशल शिक्षा, युवाओं के लिए खेल और रचनात्मक अवसर, मीडिया में जिम्मेदार प्रस्तुति और परिवारों में संवाद–ये सभी मिलकर ही इस सामाजिक महामारी को रोक सकते हैं। अंततः यह प्रश्न केवल स्वास्थ्य या अपराध का नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा और भविष्य का है। यदि भारत को सशक्त और वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनना है, तो उसे अपनी युवा शक्ति को नशे के अंधकार से निकालकर सृजन, अनुशासन और मानवता के प्रकाश की ओर ले जाना होगा। जैसा कि महात्मा गांधी ने कहा था– ÷भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज क्या करते हैं।÷ आज यदि हम नशे के विरुद्ध सामूहिक संकल्प लें, तो आने वाला भारत स्वस्थ, नैतिक और सुरक्षित होगा। नशा केवल शरीर को नहीं, बल्कि विवेक, मूल्य और भविष्य–तीनों को नष्ट करता है; इसलिए अब समय है कि राष्ट्र एक स्वर में कहे– ड्रग्स मुक्त भारत ही सुरक्षित, सशक्त और विकसित भारत है।

**यह निजी विचार है।**

# सुशासन, संवेदना और सुरक्षा : श्रमिक हित में छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष

**छगनलाल लोन्हारे**

सुशासन केवल प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की संकल्पबद्ध प्रक्रिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन का श्रम विभाग विगत दो वर्षों में इसी सुशासन की भावना को धरातल पर साकार करता हुआ दिखाई देता है। इस अवधि में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, उनके जीवन को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने तथा उन्हें सामाजिक-आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए अनेक ऐतिहासिक और जनहितकारी कदम उठाए गए हैं।

विष्णु के सुशासन की स्पष्ट झलक श्रम विभाग द्वारा अपनाए गए डिजिटल नवाचारों में दिखाई देती है। प्रशासनिक पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से समस्त नस्तियों का संधारण ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से प्रारंभ किया गया है। विभागीय योजनाओं और सेवाओं को आमजन के लिए सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाने हेतु एक आधुनिक, यूज़र-फ्रेंडली विभागीय वेबसाइट विकसित की गई है। श्रमिकों की सुविधा को केंद्र में रखते हुए तैयार किया गया 'श्रमेव जयते' मोबाइल ऐप श्रमिक पंजीयन, योजनाओं में आवेदन तथा श्रमिक पलायन की ऑनलाइन जानकारी दर्ज करने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है, जो डिजिटल सुशासन की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

राज्य के नवगठित जिलों तक श्रम विभाग की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने के लिए पाँच नवीन श्रम पदाधिकारी कार्यालयों की स्थापना हेतु 20 पदों का सृजन किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के दौरान श्रमायुक्त संगठन अंतर्गत श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक एवं उप निरीक्षक के पदों पर कुल 32 नई नियुक्तियाँ की गईं। इन प्रयासों से न केवल विभागीय कार्यों में गति आई, बल्कि श्रमिकों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ भी सुनिश्चित हुईं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने श्रम कानूनों में आवश्यक और संतुलित सुधार करते हुए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और श्रमिक हितों के मध्य सामंजस्य स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 2017 के प्रभावी क्रियान्वयन से छोटे व्यापारियों को राहत मिली, वहीं नियत कालिक नियोजन कर्मकार की नई श्रेणी ने रोजगार के नए अवसरों के द्वार खोले।

राष्ट्रपति की अनुमति के उपरांत लागू किए गए छत्तीसगढ़ श्रम कानून संशोधन एवं विविध प्रावधान विधेयक, 2025 के माध्यम से अवैधानिक हड़ताल पर नियंत्रण, छोटे अपराधों में समझौते तथा लघु उद्योगों को छूट जैसे प्रावधान किए गए। महिला सशक्तिकरण की दिशा में रात्रि पाली में महिला कर्मकारों के सशर्त नियोजन की अनुमति देना सरकार की प्रगतिशील और संवेदनशील सोच को दर्शाता है।

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में श्रमिक कल्याण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सरकार की मानवीय प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। विभिन्न श्रम मंडलों के माध्यम से दो वर्षों में 11.03 लाख नए श्रमिकों का पंजीयन किया गया तथा 27.33 लाख श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस अवधि में 784.73 करोड़ रुपये से अधिक की राशि श्रमिक कल्याण पर व्यय की गई, जो यह दर्शाती है कि यह सरकार आंकड़ों से आगे बढ़कर संवेदना के साथ श्रमिकों के जीवन में बदलाव ला रही है।

24म7 संचालित मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र ने शिकायत निवारण और पंजीयन प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाया है। वहीं प्रत्येक जिले और विकासखंड में संचालित मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केंद्रों ने प्रशासन को सचमुच श्रमिकों के द्वार तक पहुँचाया है। निर्माण श्रमिकों के पंजीयन में स्व-घोषणा प्रमाण पत्र की व्यवस्था ने प्रक्रियाओं को सरल किया, जबकि मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के माध्यम से सैकड़ों श्रमिक परिवारों को अपने पक्के आवास का सपना साकार करने में सहायता मिली। मिनीमाता महतारी जतन योजना एवं असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना के अंतर्गत लाखों महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता प्रदान की गई, जिससे मातृत्व सुरक्षा को नया संबल मिला। श्रमिक परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शिक्षा, पोषण और सामाजिक सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग, छात्रवृत्ति, मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन तथा नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना जैसी पहल ने शिक्षा के प्रति विश्वास को मजबूत किया है।

# पंडित मालवीय का शैक्षिक दर्शन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परिलक्षित होता है : उपराष्ट्रपति

### उपराष्ट्रपति ने नई दिल्ली में पंडित मदन मोहन मालवीय की संकलित रचनाओं की अंतिम श्रृंखला 'महामना वांग्मय' का विमोचन किया

### महामना मालवीय ने भारत के प्राचीन मूल्यों और आधुनिक आकांक्षाओं के बीच सेतु का कार्य किया: उपराष्ट्रपति

### महामना वांगमय भारत के स्वतंत्रता संग्राम के बौद्धिक डीएनए को दर्शाता है: उपराष्ट्रपति

### बनारस हिंदू विश्वविद्यालय पंडित मालवीय के शैक्षिक विजन का प्रमाण है: उपराष्ट्रपति






पीआईबी - उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के संकलित रचनाओं की अंतिम श्रृंखला ÷महामना वांग्मय÷ का विमोचन किया।

सभा को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने महामना मालवीय को एक महान राष्ट्रवादी, पत्रकार, समाज सुधारक, अधिवक्ता, राजनेता, शिक्षाविद और प्राचीन भारतीय संस्कृति का एक प्रतिष्ठित विद्वान के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि पंडित मालवीय एक दुर्लभ दूरदर्शी थे, जिनका दृढ़ विश्वास था कि भारत का भविष्य उसके अतीत को नकारने में नहीं, बल्कि उसे पुनर्जीवित करने में निहित है, इस प्रकार उन्होंने भारत के प्राचीन मूल्यों और आधुनिक लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के बीच एक सेतु का कार्य किया।

पंडित मालवीय की वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति महादोय ने कहा कि यह प्राचीन और आधुनिक सभ्यताओं के सर्वोत्तम तत्वों का सामंजस्य स्थापित करने की उनकी क्षमता को दर्शाता है। औपनिवेशिक शासन के दौरान राष्ट्रीय जागरण के सबसे सशक्त साधन के रूप में शिक्षा में महामना मालवीय के विश्वास को याद करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना उनके इस विश्वास का एक जीवंत प्रमाण है कि आधुनिक शिक्षा और भारतीय संस्कृति को साथ विकसित होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि महामना मालवीय की एक मजबूत, आत्मनिर्भर और प्रबुद्ध भारत के विजन की अनुगूंज समकालीन पहलों जैसे आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया और 2047 तक विकसित भारत के मिशन में गहराई से महसूस की जाती है, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं, जो पंडित मालवीय जी की चिर स्थायी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि महामना मालवीय का समावेशी, मूल्य-आधारित और कौशल-उन्मुख शिक्षा पर जोर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दृढ़ता से परिलक्षित होता है। महामना वांग्मय को केवल लेखों का संग्रह से कहीं अधिक बताते हुए उपराष्ट्रपति महोदय ने कहा कि यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के बौद्धिक डीएनए और देश के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए एक खाका प्रस्तुत करता है। उन्होंने महामना मालवीय मिशन और प्रकाशन विभाग को उनके इस महत्वपूर्ण प्रयास के लिए बधाई दी तथा विश्वविद्यालयों, विद्वानों और युवा शोधकर्ताओं से इन ग्रंथों से सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान किया, ये उल्लेख करते हुए कि इसमें समकालीन चुनौतियों के स्थायी समाधान निहित हैं।



नई दिल्ली संसद भवन में आयोजित अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश जी केंद्रीय मंत्री किरण रिजू जी केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र प्रसाद जी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल जी सांसद अनुराग ठाकुर पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जी जटिया ऑल इंडिया एक्स एमपी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने इस अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की

# भारत 1 जनवरी 2026 से किम्बरली प्रक्रिया की प्रतिष्ठित अध्यक्षता ग्रहण करेगा

### इस पहल में सरकारें, अंतरराष्ट्रीय हीरा उद्योग और नागरिक समाज शामिल हैं, जिनका उद्देश्य कच्चे हीरों के व्यापार को रोकना है

पीआईबी

किम्बरली प्रक्रिया (केपी) की पूर्ण बैठक में भारत को 1 जनवरी 2026 से किम्बरली प्रक्रिया की अध्यक्षता संभालने के लिए चुना गया है। किम्बरली प्रक्रिया एक त्रिपक्षीय पहल है जिसमें सरकारें, अंतरराष्ट्रीय हीरा उद्योग और नागरिक समाज शामिल हैं, जिसका उद्देश्य ÷ कच्चे हीरे÷ के व्यापार को रोकना है - ये वे कच्चे हीरे हैं जिनका उपयोग विद्रोही समूह या उनके सहयोगी उन संघर्षों को वित्तपोषित करने के लिए करते हैं जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों में परिभाषित वैध सरकारों को कमजोर करते हैं।

भारत 25 दिसंबर 2025 से केपी उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेगा और नव वर्ष में अध्यक्ष का पदभार संभालेगा। यह तीसरी बार होगा जब भारत को किम्बरली प्रक्रिया की अध्यक्षता सौंपी जाएगी। इस फैसले का स्वागत करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत का चयन अंतरराष्ट्रीय व्यापार में ईमानदारी और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता में वैश्विक विश्वास को दर्शाता है।

संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव के अंतर्गत स्थापित किम्बरली प्रक्रिया प्रमाणन योजना (केपीसीएस) 1 जनवरी 2003 को लागू हुई और तब से कच्चे हीरों के व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए एक प्रभावी तंत्र के रूप में विकसित हुई है। किम्बरली प्रक्रिया में वर्तमान में 60 भागीदार हैं, जिनमें यूरोपीय संघ और उसके सदस्य देशों को एक ही भागीदार माना जाता है। केपी के भागीदार मिलकर वैश्विक कच्चे हीरों के व्यापार के 99 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर कब्जा करते हैं, जिससे यह इस क्षेत्र को नियंत्रित करने वाला सबसे व्यापक अंतरराष्ट्रीय तंत्र बन जाता है। हीरा निर्माण और व्यापार के एक प्रमुख वैश्विक केंद्र के रूप में, भारत का नेतृत्व ऐसे समय में सामने आया है जब भू-राजनीति में बदलाव हो रहे हैं और टिकाऊ एवं जिम्मेदार स्रोतों पर जोर बढ़ रहा है। अपने कार्यकाल के दौरान, भारत शासन और अनुपालन को मजबूत करने, डिजिटल प्रमाणीकरण और पता लगाने की क्षमता को बढ़ावा देने, डेटा-आधारित निगरानी के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाने और संघर्ष-मुक्त हीरों में उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## गोड़लवाही में शक्ति दिवस व शहीद गेंद सिंह नायक की मूर्ति का भव्य अनावरण आज

**राजनांदगांव।**

अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज द्वारा शक्ति दिवस, शहीद शिरोमणी गेंद सिंह नायक की प्रतिमा का अनावरण, धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती तथा हायर सेकेंडरी भवन एवं प्री-मैट्रिक छात्रावास भवन के लोकार्पण का भव्य आयोजन आज 26 दिसंबर 2025, शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से ग्राम गोड़लवाही, जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) में किया जा रहा है।

इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री विष्णु देव साय जी, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय डॉ. देवेन्द्र माहला जी, अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ महासभा द्वारा की जाएगी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय डॉ. रमन सिंह जी (अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़), माननीय श्री संतोष



पाण्डेय जी (सांसद, लोकसभा राजनांदगांव), माननीय श्री भोलाराम साहू जी (विधायक, विधानसभा क्षेत्र खुज्जी), माननीय श्रीमती अनिला भेड़िया जी (विधायक, विधानसभा क्षेत्र डौण्डी लोहारा), माननीय श्री मधुसूदन यादव जी (महापौर, राजनांदगांव), माननीय श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जी (अध्यक्ष, जिला पंचायत राजनांदगांव), माननीय श्री कोमल सिंह राजपूत जी (जिलाध्यक्ष, भाजपा राजनांदगांव), माननीय श्री संजय सिन्हा जी (अध्यक्ष, जनपद पंचायत छुरिया), माननीय श्री गोपाल भुआर्य जी (सभापति, जिला पंचायत राजनांदगांव), माननीय श्री एम.डी. ठाकुर जी (गोडवाना महासभा, धमधागढ़), माननीय श्रीमती जैमून बाई कंवर जी (सदस्य, जनपद पंचायत छुरिया), माननीय श्री जगदीश राम बघेल जी (सरपंच, ग्राम पंचायत गोड़लवाही), माननीय श्री बीरेन्द्र कुमार मसिया जी (जिलाध्यक्ष, हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज राजनांदगांव), माननीय श्री भीषम लाल उर्वशा जी (ब्लॉक अध्यक्ष, हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज डोंगरगांव), माननीय श्री हिरदे राम देवांगन जी (मंडल अध्यक्ष, भाजपा कुमर्दा) एवं माननीय श्री चैतराम घरेन्द्र जी (अध्यक्ष, हल्बा-हल्बी आदिवासी कर्मचारी प्रकोष्ठ) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान शहीद शिरोमणी गेंद सिंह नायक के बलिदान को नमन करते हुए उनकी प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा तथा आदिवासी समाज के महान नायक धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई जाएगी। साथ ही शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन एवं प्री-मैट्रिक छात्रावास भवन का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा। इस आयोजन के आयोजक अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज एवं समस्त ग्रामवासी गोड़लवाही हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# सुशासन दिवस पर तुमडीबोड में अटल बिहारी वाजपेई जी का जन्मदिवस श्रद्धा से मनाया गया

**राजनांदगांव।**

सुशासन दिवस के अवसर पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता एवं भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेई जी का जन्मदिवस ग्राम पंचायत तुमडीबोड के अटल चौक में पूजा-अर्चना कर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अटल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री राजू यादव, जनपद सदस्य श्रीमती जया तिमेश साहू, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती निर्मला जितेन्द्र सिन्हा सहित ग्राम पंचायत तुमडीबोड की सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू, उपसरपंच भूपेंद्र सोनवानी, सचिव येवेन्द्र कुमार साहू तथा पंचगण पितांबर साहू, जयराम साहू, धरम ठाकुर, दिलीप श्रीवास्तव, कन्हैया लहरे, नीलकंठ साहू, नूतन साहू, गीता साहू, निर्मला बंधे, रवीना साहू उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों में माननीय डॉक्टर विद्याविलास श्रीवास्तव, पूर्व सरपंच टीकम पटेल, अर्जुन राम साहू, नीलू साहू, दुकाल दास साहू, प्रभात साहू, हेमंत पटेल, गणेश बंजारे, लेखराम भारती, सोमन गंधर्व, ओमप्रकाश भट्टाचार्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में अटल बिहारी वाजपेई जी के सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं छत्तीसगढ़ निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# यात्रियों पर न्यूनतम प्रभाव : शयनयान और प्रथम श्रेणी साधारण में केवल 1 पैसे प्रति किमी की बढ़ोतरी

### एसी एवं नॉन-एसी श्रेणियों में मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में संशोधन 2 पैसे प्रति किमी तक सीमित वृद्धि

### किराया युक्तिसंगत बनाने के तहत आरक्षण शुल्क या सुपरफास्ट शुल्कों में कोई बदलाव नहीं; जीएसटी प्रयोज्यता और किराया पूर्णांकन नियम भी अपरिवर्तित

संवाददाता

रेलवे ने यात्रियों के लिए किराया वहनीय बनाने और परिचालन की स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से 26 दिसंबर 2025 से अपने यात्री किराया ढांचे को युक्तिसंगत बना दिया है।

संशोधित किराया संरचना के तहत उपनगरीय सेवाओं और सीजन टिकटों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिसमें उपनगरीय और गैर-उपनगरीय दोनों मार्ग शामिल हैं।

साधारण नॉन-एसी (गैर-उपनगरीय) सेवाओं के लिए द्वितीय श्रेणी साधारण, स्लीपर श्रेणी साधारण और प्रथम श्रेणी साधारण में किराए को श्रेणीबद्ध तरीके से युक्तिसंगत बनाया गया है।

साधारण द्वितीय श्रेणी में 215 किमी तक की यात्राओं के लिए किराए में कोई वृद्धि नहीं है, जिससे कम दूरी और दैनिक यात्रियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। 216 किमी से 750 किमी तक की दूरी के लिए किराया 5 रुपये बढ़ाया गया है। इससे अधिक दूरी की यात्राओं के लिए वृद्धि चरणबद्ध तरीके से लागू की गई है- 751 किमी से 1250 किमी के बीच की दूरी के लिए 10 रुपये, 1251 किमी से 1750 किमी के बीच की दूरी के लिए 15 रुपये और 1751 किमी से 2250 किमी के बीच की दूरी के लिए 20 रुपये।

स्लीपर श्रेणी साधारण और प्रथम श्रेणी साधारण में गैर-उपनगरीय यात्राओं के लिए किराए में प्रति किलोमीटर 1 पैसे की दर से एकसमान संशोधन किया गया है, जिससे किराए में क्रमिक और सीमित वृद्धि सुनिश्चित हुई है। मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में नॉन-एसी और एसी दोनों श्रेणियों में किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की गई है। इसमें स्लीपर क्लास, फर्स्ट क्लास, एसी चेयर कार, एसी थ्री-टियर, एसी टू-टियर और एसी फर्स्ट क्लास शामिल हैं। उदाहरण के तौर पर नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस कोच में 500 किलोमीटर की यात्रा के लिए यात्रियों को लगभग 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे।

तेजस राजधानी, राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदे भारत, हमसफर, अमृत भारत, तेजस, महामाना, गतिमान, अंत्योदय, गरीब रथ, जन शताब्दी, युवा एक्सप्रेस, नमो भारत रैपिड रेल और साधारण गैर-उपनगरीय सेवाओं (जहां लागू हो, एसी एमईएमयू/डीईएमयू को छोड़कर) सहित प्रमुख रेल सेवाओं के मौजूदा मूल किरायों को अनुमोदित श्रेणीवार मूल किराया वृद्धि के अनुरूप संशोधित किया गया है। यह संशोधन सभी श्रेणियों में समान रूप से और एक क्रमबद्ध तरीके से किया गया है।

गौरतलब है कि आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट अधिभार या अन्य सहायक शुल्कों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, ये सभी मौजूदा नियमों के अनुसार ही लागू रहेंगे। जीएसटी की प्रयोज्यता अपरिवर्तित रहेगी और किराए को प्रचलित मानदंडों के अनुसार किराय का पूर्णांकन जारी रहेगा। संशोधित किराया केवल 26 दिसंबर 2025 को या उसके बाद बुक किए गए टिकटों पर लागू होगा। इस तिथि से पहले बुक किए गए टिकटों पर, चाहे यात्रा प्रभावी तिथि के बाद ही क्यों न हो, कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा।

स्टेशनों पर प्रदर्शित किराया सूची भी 26.12.2025 से प्रभावी नए किरायों के अनुरूप अद्यतन की जाएगी।

**Public Work Department**
**Office of The Superintending Engineer, PWD, Bridge Circle Raigarh (C.G.)**

---

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**(1st Call)**
**(TENDER PUBLICATION)**
**PUBLIC WORK DEPARTMENT**
**GOVT. OF CHHATTISGARH**

Memo No. 1883 /NIT No. 19/Setu/2025-26 Raigarh, Dated 12.12.2025

**The Superintending Engineer, PWD, Bridge Concstruction Circle Raigarh (C.G.) Pin no. 496001,** invites on behalf of Governor of Chhattisgarh, sealed offers in two bid system from the eligible Consultants/bidders for following work.

**Name of Work :- For Selection of Consultancy for preparation of Feasibility report for Construction of a flyover for bypassing heavy vehical on Kotra road - Dhimrapur chowk -Urdana chowk - Jindal Road. (Length – 5.300 KM).**

Earnest Money – Rs. 1,00,000.00/- (One Lakh) Cost of Tender – Rs. 5000/- (Five Thousand) Time Allowed – 3 (Three) Months Last date of receipt of application for issues of tender document upto 17:00 PM- on 12/01/2026

Other details can be seen at official Website of PWD CG https://eproc.cgstate.gov.in/, https://cgstate.gov.in https://pwd.cg.nic.in on Notice Board & **in the O/o The Superintending Engineer, PWD, Bridge Concstruction Circle Raigarh Pin no. 496001.**

G-252605644/4

Superintending Engineer
P.W.D. Bridge Circle Raigarh (C.G.)

# नैला-जांजगीर स्टेशन के कायाकल्प हेतु रेलवे समिति ने बिलासपुर में की उच्चस्तरीय बैठक

### डीसीसीएम कौशिक मित्रा,डीसीओएम डॉ. विपिन वैष्णव एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष रखी गई मांगें..... ....

जांजगीर चांपा संवाददाता



नैला-जांजगीर रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं के विस्तार और बुनियादी समस्याओं के निराकरण हेतु रेलवे स्टेशन समिति एवं छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिनांक 16/10/2025 को बिलासपुर डीआरएम कार्यालय में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक डिवीजनल चीफ कमर्शियल मैनेजर (DCCM) श्री कौशिक मित्रा , डिवीजनल चीफ ऑपरेशन मैनेजर (DCOM) डॉ. विपिन वैष्णव , श्री राजकुमार घोड़ीचोर (CIR बिलासपुर) एवं श्री सतीश चंद्र (CCR हेडक्वॉर्टर बिलासपुर) की उपस्थिति में संपन्न हुई।

प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स जांजगीर के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, पूर्व पार्षद सुधीर झाझड़िया, अधिवक्ता विकास अग्रवाल, ज्ञान ज्योति स्कूल संचालक अनिल तिवारी एवं शिक्षिका ज्योति तिवारी शामिल रहे। ज्ञात रहे कि इस वर्ष नैला जांजगीर रेल्वे स्टेशन समिति में उपरोक्त पांचों लोगों को सदस्य शामिल किया गया है और यह इनकी पहली बैठक है। समिति द्वारा जिला मुख्यालय जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में मूलभूत सुविधाओं के लिए प्राथमिकता से पहल करने की बात रखी गई।

#### मांगे इस प्रकार है.........

**मुख्य ट्रेन के ठहराव......** मुख्यतः तत्काल प्रभाव से दो ट्रेनें रोकने की मांग की गई जिनमें प्रमुख रूप से आजाद हिन्द एक्सप्रेस और गोडवाना एक्सप्रेस के लिए विशेष रूप से कहा गया। मुख्य ट्रेनें जो नैला जांजगीर रेलवे स्टेशन से होकर गुजरती हैं इनमें से कम से कम पांच ट्रेनों का ठहराव आवश्यक हैः आजाद हिन्द, मुम्बई हावड़ा मेल, गीतांजलि, गोड़वाना, सम्बलपुर एक्सप्रेस, हीराकुद एक्सप्रेस, दानापुर दुर्ग दक्षिण बिहार एक्सप्रेस, पुरी एवं साप्ताहिक ट्रेन में से पुरी जोधपुर, हटिया पुणे, वलसाड एक्सप्रेस, शालीमार उदयपुर, शालीमार भुज ,हापा हावड़ा, कविगुरु एक्सप्रेस कुछ सप्ताहिक ट्रेनें जो चांपा एवं अकलतरा नहीं रूकती इनमें से दो हैदराबाद धनबाद(17007) दरभंगा एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, कामाख्या एक्सप्रेस,सान्त्रागाच्छी शिरडी एक्सप्रेस , गरीबरथ, हमसफ़र एक्सप्रेस ,समरसता सुपरफास्ट एक्सप्रेस, पुरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस में से ।

यह मांग की गई कि जीआरपी एवं आरपीएफ पोस्टः समिति ने यात्रियों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु स्टेशन परिसर में जीआरपी और आरपीएफ पोस्ट बनाने की प्रमुखता से मांग की।

**कोल डंपिंग यार्ड ........**

कोयला डंपिंग यार्ड और रैक पॉइंट के स्थान को पृथक करने अथवा दोनों के बीच कम से कम 500 मीटर की दूरी रखने की मांग की गई ताकि प्रदूषण नियंत्रित रहे। प्लेटफॉर्म पर शेड की संख्या और लंबाई बढ़ाने की मांग की गई ताकि यात्री धूप और बारिश से सुरक्षित रहें।

**प्रमुख सुविधाएं एवं बुनियादी ढांचा......**

ट्रेन समय-सारिणीः सुबह 9:00 से दोपहर 2:00 (नैला-बिलासपुर) और दोपहर 2:00 से शाम 6:00 (वापसी) के बीच अतिरिक्त ट्रेनों की व्यवस्था। बुनियादी सुविधाएंःस्टेशन में पर्याप्त साफ सफाई, सभी प्लेटफॉर्म में कैंटीन व्यवस्था सभी प्लेटफ़ॉर्म में महिला एवं पुरुष शौचालय ,दोनों तरफ सीढ़ियाँ, दोनों ही तरफ लिफ्ट जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए चर्चा की गई। सभी प्लेटफॉर्म पर लिफ्ट, सीढ़ियां, शौचालय, कैंटीन और विश्रामालयों में AC/कूलर की सुविधा।

**यातायात प्रबंधनः** चार पहिया वाहनों हेतु पृथक 'पिकअप-ड्रॉप' लेन और ऑटो/ई-रिक्शा हेतु अलग-अलग स्टैंड।

ब्रिज निर्माणः शहर हेतु ओवरब्रिज, दर्रीपारा हेतु अंडरब्रिज और नहरिया बाबा मंदिर हेतु फुटओवर ब्रिज को प्राथमिकता।

**विशेष सहायताः** बुजुर्गों और दिव्यांगों हेतु ई-रिक्शा और प्लेटफॉर्म बदलने हेतु सुगम मार्ग।?

समिति के सदस्य मनोज अग्रवाल ने जोर देकर कहा कि नैला स्टेशन जिला मुख्यालय का स्टेशन है, अतः यहाँ सुविधाएं भी उसी स्तर की होनी चाहिए।

व्यापार बढाने हेतु अलग से पार्सल घर एवं रेलवे स्टेशन को जिले मुख्यालय स्टेशन की तर्ज पर उच्च स्तर का बनाने हेतु चर्चा भी मीटिंग में रखी गई।

**सकारात्मक आश्वासन..........**

अधिकारियों ने समिति की मांगों को गंभीरता से सुना। श्री कौशिक मित्रा एवं डॉ. विपिन वैष्णव ने जिला मुख्यालय स्टेशन होने के नाते नैला स्टेशन में सुरक्षा और अन्य सुविधाओं के विस्तार हेतु सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया, और जिला मुख्यालय स्टेशन की महत्ता को देखते हुए मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्यों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

## प्रत्येक माह के 7 तारीख को मनाया जाएगा आवास दिवस

### पहले से मनाए जा रहे चावल महोत्सव एवं महात्मा गांधी नरेगा के रोजगार दिवस के साथ होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा /** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत प्रदेश में निर्धारित समय-सीमा में आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 7 तारीख को ग्राम पंचायत स्तर पर ÷आवास दिवस÷ आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। यह आयोजन चावल महोत्सव एवं महात्मा गांधी नरेगा के रोजगार दिवस के साथ अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में आवास निर्माण से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण, हितग्राहियों को प्रोत्साहन एवं योजना के प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर निम्न बिंदुओं पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं पूर्ण आवासों के हितग्राहियों की सूची का वाचन कर स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा। 90 दिवस के भीतर अथवा शीघ्रता से आवास निर्माण पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। निर्धारित प्रगति के बाद भी लंबित किश्तों के प्रकरणों में ज्ञल्ब् पूर्ण कराकर 7 दिवस के भीतर राशि हस्तांतरण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 90 दिवस की अकुशल मजदूरी राशि के भुगतान की स्थिति पर चर्चा की जाएगी। आवास निर्माण में आ रही स्थानीय समस्याओं एवं बाधाओं का प्रत्येक माह 7 तारीख तक चरणबद्ध (2-2) निराकरण कर हितग्राहियों को अवगत कराया जाएगा।

जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी इस कार्य की सतत समीक्षा करेंगे। निर्माण सामग्री, राजमिस्त्री एवं सेंटरिंग प्लेट की उपलब्धता में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु सभी भागीदारों, स्व-सहायता समूह सदस्यों के साथ सामूहिक चर्चा की जाएगी तथा मार्गदर्शिका के अनुसार ÷सामग्री बैंक÷ की स्थापना सुनिश्चित की जाएगी। पीएम जनमन के हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने हेतु विशेष प्रेरणा एवं चर्चा की जाएगी। पंचायत पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को योजना के प्रावधानों तथा अन्य विभागों के साथ अभिसरण (कन्वर्जेंस) की संभावनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के टोल फ्री नंबर 1800-233-1290 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि हितग्राही अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकें।

## प्रत्येक ग्राम में होगा विशेष ग्रामसभा का आयोजन आज

**जांजगीर - चांपा /** पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार की नवीन योजना ÷विकसित भारत देश रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)÷ दृव्ही बी जी राम जी के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता हेतु प्रदेश के सभी ग्रामों में 26 दिसंबर 2025 को विशेष ग्रामसभा आयोजित की जाएगी। विशेष ग्रामसभा के आयोजन के लिए ग्रामों में गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा तथा ग्रामसभा की तिथि एवं समय का व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से सुनिश्चित किया जाएगा। ग्रामसभा में ग्रामीणों, श्रमिकों, महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति परिवारों एवं अन्य कमजोर वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्रामसभा के दौरान वीबीजी राम जी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों, इसकी प्रमुख विशेषताओं तथा 2047 तक विकसित भारत के विजन पर विस्तार से चर्चा एवं मार्गदर्शन किया जाएगा। साथ ही अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं की मुद्रित प्रतियां ग्रामवासियों को वितरित की जाएंगी।

# डॉ गौरीशंकर कश्यप की स्मृति में 4 जनवरी को होगा जांजगीर में निशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप

जांजगीर-चांपा ।

स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी हैं और इसे बनाए रखने के लिए हमें स्वस्थ जीवन-शैली अपनानी चाहिए। स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त मात्रा में नींद लेना स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं साथ ही साथ हमें सुरक्षित रहने के लिए भी आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए जैसे कि समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच, वैक्सीनेशन करवाना, स्वच्छता का पूरी तरह से ध्यान रखना और खतरे से बचने के लिए सावधानी बरतना । इसी उद्देश्य को लेकर जांजगीर-चांपा जिले में डॉ गौरीशंकर कश्यप की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसमें पत्रकार बंधुओं और उनके परिजनों के लिए विभिन्न प्रकार की जांच और परामर्श की सुविधा उपलब्ध होगी ।

#### डॉ कश्यप से बिहान छत्तीसगढ़ की चर्चा.........

स्वदेश ज्योति ब्यूरो चीफ पवन अग्रवाल जांजगीर-चांपा तथा प्रिंट मीडिया से जुड़े हुए शशिभूषण सोनी से चर्चा करते हुए कहा डॉ लोकेंद्र कुमार कश्यप ने कहा कि यह मेगा कैप शिविर दिनांक 4 जनवरी 2826 को क्षेत्रीय विधायक जांजगीर-चांपा व्यासनारायण कश्यप जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा और यह आयोजन संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जांजगीर में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह शिविर विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और वेब मीडिया के लोगों के लिए ही उपलब्ध होगी ।




#### शिविर में उपलब्ध होगी स्वास्थ्य सुविधाएं.........

ब्लड प्रेशर जांच, ईसीजी, 2D ईको, यूरिन टेस्ट, ब्लड शुगर जांच, एच बी ए टी सी, बीबीसी टेस्ट, सीरम क्रिएटिनिन, कोलेस्ट्रॉल जांच, ऑक्सीजन सैचुरेशन और बीएमआई, बी एम आई, टीएमटी (ट्रेड मिल टेस्ट इत्यादि जांच की सुविधाएं हैं।

#### कार्यक्रम का विवरण........

**दिनांक 4 जनवरी 2026 दिन रविवार** - समय प्रातःकाल 900 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक। स्थान- संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जांजगीर छत्तीसगढ़ परामर्श और मार्गदर्शन । डॉक्टर लोकेन्द्र कश्यप, मेडिसिन विशेषज्ञ द्वारा परामर्श दिया जायेगा। शिविर के लिए संपर्क सूत्र- 8839174441, 8169143064 आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप का लाभ उठाने की अपील की हैं।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती पर भाजपाईयो ने किया नमन

### जिले मे दिन भर चलता रहा कार्यक्रम

जांजगीर चांपा /

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की 101 वी जयंती पर आज भाजपा कार्यकर्ताओ ने अटल चौक जांजगीर मे उनकी प्रतिमा मे पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया है । अटल स्मृति वर्ष' के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम और संगोष्ठियों का आयोजन कर उनके जीवन पर जिले के चौक चौराहो पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने डाकुमेंटरी व प्रदर्शनी का आयोजन भी किया । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि अटल जी सुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित थे, उनके जीवन से सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है ।

उनका व्यक्तित्व अत्यंत विराट था जो उनसे एक बार मिलता उनका कायल हो जाता और वे महान कवि के साथ साथ कुशल संगठक व एक अच्छे नेता थे । कार्यक्रम मे सासंद कमलेश जांगड़े , पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल , नगरपालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल , पूर्व सांसद कमला पाटले , चुन्नीलाल साहु , जिला महामंत्री नंद चौधरी , नंदनी रजवाड़े ,वीजिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल , पुष्पेंद्र प्रताप सिंह , आशुतोष गोस्वामी , मोहन यादव वी, संतोषी दुबे , हितेश यादव , विवेका गोपाल , अनिल शर्मा , राकेश रुपवानी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे ।



## 26 दिसंबर को प्रत्येक ग्राम में होगा विशेष ग्रामसभा का आयोजन

जांजगीर - चांपा /

पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार की नवीन योजना ÷विकसित भारत देश रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)÷ दृव्ही बी जी राम जी के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता हेतु प्रदेश के सभी ग्रामों में 26 दिसंबर 2025 को विशेष ग्रामसभा आयोजित की जाएगी। विशेष ग्रामसभा के आयोजन के लिए ग्रामों में गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा तथा ग्रामसभा की तिथि एवं समय का व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से सुनिश्चित किया जाएगा। ग्रामसभा में ग्रामीणों, श्रमिकों, महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति परिवारों एवं अन्य कमजोर वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामसभा के दौरान वीबीजी राम जी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों, इसकी प्रमुख विशेषताओं तथा 2047 तक विकसित भारत के विजन पर विस्तार से चर्चा एवं मार्गदर्शन किया जाएगा। साथ ही अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं की मुद्रित प्रतियां ग्रामवासियों को वितरित की जाएंगी। विशेष आमंत्रित अतिथियों द्वारा मुख्य भाषण दिया जाएगा एवं कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ होगा। इसके अतिरिक्त जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अन्य विषयों को भी ग्रामसभा के एजेंडे में शामिल कर सकेंगी।



## नैला में विशाल हिन्दू संगम का आयोजन हुआ

**जांजगीर चाम्पा //** हिन्दू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा और चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिन्दू समाज द्वारा सनातन, संस्कृति, धर्म और सामाजिक एकता का प्रतीक हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सर्व हिन्दू समाज नैला बस्ती द्वारा मारवाड़ी धर्मशाला नैला में किया गया। इस पुनीत अवसर पर भारत माता के तैल्य चित्र में दीप प्रज्ज्वलन किया गया।तत्पश्चात् रामायण मंडली द्वारा रामायण पाठ एवं भजन कीर्तन किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर सुनील अग्रवाल, मुख्य वक्ता आनंद कुमार पाण्डेय (अधिवक्ता ) विभाग पर्यावरण सरंक्षण गतिविधि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोरबा एवं धर्माचार्य तत्वम्य पूज्य महंत कुमार जी शर्मा द्वारा उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम के पश्चात् भण्डारा प्रसाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सर्व हिन्दू समाज सम्मिलित हुआ। सर्व हिंदू समाज कार्यक्रम के संयोजक कैलाश बसईवाल एवं सहसंयोजक अमित मित्तल रहे द्य

# धान खरीदी की समीक्षा कर अवैध धान परिवहन भंडारण पर दिए लगातार कार्यवाही के निर्देश

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

जांजगीर-चांपा /

कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार प्रगति की जानकारी लेते हुए समयबद्ध, पारदर्शी और जनहितकारी कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री महोबे ने 26 दिसम्बर को समरसता भवन जावलपुर, बलौदा में आयोजित होने वाले रोजगार मेला एवं आजीविका ऋण मेला की तैयारियों के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि रोजगार एवं आजीविका ऋण मेला के माध्यम से स्व-सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकेज में वृद्धि, प्रायोरिटी सेक्टर में ऋण वितरण का विस्तार तथा ग्रामीण एवं शहरी हितग्राहियों को विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं से जोड़े। मेले में मुद्रा, पीएम स्वनिधि, पीएमईजीपी, केसीसी, पशुपालन, मछलीपालन, पीएम एफएमई, एनयूएलएम, पीएम विश्वकर्मा सहित अन्य योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाए। कलेक्टर ने कहा कि बैंक द्वारा मेले में आपकी पूंजी, आपका अधिकार थीम पर विशेष शिविर लगाकर ऋण एवं वित्तीय योजनाओं की जानकारी और लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि स्थल पर ही नवीन बैंक खाता खोलने, बीमा क्लेम, आधार पंजीयन, वित्तीय साक्षरता एवं साइबर फ्रॉड से बचाव के साथ बैंकिंग समस्याओं का समाधान किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी कंपनियाँ, उद्योग एवं संस्थान युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे और बैंक केसीसी व ऋण स्वीकृति के शत-प्रतिशत लक्ष्य की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारियों को खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने तथा अवैध धान पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि कोचियों-बिचौलियों द्वारा जिले में किसी भी प्रकार की अवैध खरीदी, भंडारण व परिवहन पर सख्त कार्रवाई करें। कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों को पूरी प्राथमिकता से कार्य को करने के निर्देश दिए है।





कलेक्टर ने सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिले में 19 दिसम्बर 2025 से 25 दिसम्बर 2025 तक संचालित ÷प्रशासन गांव की ओर÷ अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों एवं विशेष शिविरों की समीक्षा की। उन्होंने अभियान की प्रगति, विभागीय समन्वय, प्राप्त आवेदनों के निराकरण तथा सेवा प्रदाय की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान का मूल उद्देश्य सुशासन को सुदृढ़ करना, नागरिकों की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना तथा शासन की सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि विशेष शिविरों में आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि 25 दिसंबर सुशासन दिवस के अवसर पर पूरे जिले में, प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन, अटल चौक पर कार्यक्रम आयोजित कर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण पश्चात् ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प, ग्राम के सार्वजनिक स्थलों एवं सम्पूर्ण ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता के कार्यक्रम आगामी एक सप्ताह तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने सुशासन दिवस के अवसर पर सभी ग्राम पंचायत के अटल चौक की साज सज्जा एवं ग्राम पंचायत भवन, सार्वजनिक स्थल, समस्त नगरीय निकाय पर कार्यक्रम आयोजित करने सभी सीईओ एवं सीएमओ को निर्देश दिए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं ग्राम के सम्मानीय वरिष्ठजन की सहभागिता के साथ कार्यक्रम आयोजित करने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्री आर के तंबोली, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी, सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली:-विशेष गहन पुनरीक्षण

### 0 राजनैतिक दलों की उपस्थिति में कलेक्टर ने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का किया प्रारंभिक प्रकाषन

### मतदाता अपने नाम की जांच ड्राफ्ट वोटर लिस्ट, ईसीआईनेट मोबाइल एप अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर कर सकते हैं जांच



**कोरबा** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) कार्यक्रम अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन राजनीतिक दलों की उपस्थिति में की गई। उन्होंने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर श्री दुदावत ने बताया कि आज मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात 23 दिसम्बर से 22 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियाँ प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 23 दिसम्बर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। सभी प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के उपरांत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। कलेक्टर श्री दुदावत ने राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों को प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रतियां सौंपते हुए बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य संविधान के अनुच्छेद 326 तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 16 एवं 19 के अंतर्गत सभी योग्य व्यक्तियों का निर्वाचक सूची में पंजीकरण सुनिश्चित करना है। इसका प्रमुख उद्देश्य यह भी है कि कोई भी योग्य नागरिक निर्वाचक सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए तथा कोई भी अयोग्य व्यक्ति का नाम सूची में सम्मिलित न होने पाए। संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, किसी व्यक्ति का निर्वाचक नामावली में पंजीकरण तभी संभव है जब उसने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, वह संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का मामूली तौर से निवासी हो, भारत का नागरिक हो तथा किसी भी प्रचलित कानून के अंतर्गत निरर्हित न हो।

निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन दिनांक 23 दिसंबर 2025 के पश्चात कोरबा जिले में दावा-आपत्ति की प्रक्रिया जारी है।कोरबा जिले में कुल चार विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें 20-रामपुर, 21-कोरबा, 22-कटघोरा तथा 23-पाली तानाखार शामिल हैं। जिले में पूर्व में 1081 मतदान केन्द्र स्थापित थे, युक्तियुक्तकरण के पश्चात 132 नवीन मतदान केन्द्र जुड़े है, जिससे जिले में अब कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1211 हो गई है।वर्तमान में कोरबा जिले में कुल 9,51,278 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 4,09,417 पुरुष, 4,07,974 महिला तथा 19 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 04 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 10 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा 26 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इनके द्वारा निर्धारित समयावधि में प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी 2026 तक किया जाएगा, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है, जिसमें कैटेगरी 'ए' में 3,15,960, कैटेगरी 'बी' में 4,60,677 तथा कैटेगरी 'सी' में 40,882 मतदाता पाए गए हैं। वहीं अनकलेक्टेड फार्मों की स्थिति में कुल 1,33,741 प्रकरण सामने आए हैं, जो कुल मतदाताओं का 14.06 प्रतिशत है। इनमें मृत्यु के कारण 30,613 प्रकरण, अनुपस्थित पाए जाने के 15,495, स्थानांतरित होने के 81,355, दोबारा प्रविष्टि के 5,340 तथा अन्य कारणों से 938 प्रकरण शामिल हैं।

कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता अपने नाम की जांच ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में स्थानीय बूथ लेवल अधिकारी के पास उपलब्ध सूची से, ईसीआईनेट मोबाइल एप के माध्यम से अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट अवजमतेण्मबपण्हवअण्पद पर जाकर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी पात्र नागरिक का नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं है, तो वह नाम जोड़ने के लिए घोषणा पत्र के साथ फार्म-6 भरकर एवं एनेक्सर-4 व अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन कर सकता है।

उन्होंने बताया कि मतदाताओं के लिए विभिन्न आवेदन फार्म निर्धारित किए गए हैं। जिसमें नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म-6, विदेश में निवासरत भारतीय नागरिकों के लिए फार्म-6ए, मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-7 तथा निवास परिवर्तन, प्रविष्टि में सुधार, ईपीआईसी में संशोधन अथवा दिव्यांगता चिह्नांकन के लिए फार्म-8 का प्रावधान है। ये सभी आवेदन नागरिक अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा कर सकते हैं या फिर ईसीआईनेट मोबाइल एप एवं अवजमतेण्मबपण्हवअण्पद पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भी प्रस्तुत कर सकते हैं। कलेक्टर ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची में विशेष रूप से युवा मतदाताओं को सूची में शामिल करने पर जोर दिया जा रहा है।

## खास खबर

### कटघोरा में भाजपा नेता अक्षय गर्ग हत्याकांड मामला: 5 संदिग्ध हिरासत में, जल्द होगा खुलासा

कोरबा। जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक कंस्ट्रक्शन साइट पर भाजपा नेता अक्षय गर्ग की धारदार हथियार से नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस सनसनीखेज हत्याकांड में पुलिस ने अब तक 5 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार पुलिस जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर सकती है।

दिनदहाड़े हत्या से मचा हड़कंप

मंगलवार सुबह हुई इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। भाजपा नेता और पीएमजीएसवाई ठेकेदार अक्षय गर्ग की हत्या की खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गया। पुलिस ने घटनास्थल से अहम सुराग जुटाते हुए संभावित आरोपियों को पकड़कर पूछताछ तेज कर दी है।

पुरानी रंजिश की आशंका

पुलिस सूत्रों के मुताबिक हत्या के पीछे पुरानी रंजिश सामने आ रही है। वारदात में इस्तेमाल किया गया वाहन किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत बताया जा रहा है, जिसकी भी गहन जांच की जा रही है। पुलिस हत्या से जुड़े हर पहलू को खंगाल रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच अंतिम चरण में है और जल्द ही भाजपा नेता अक्षय गर्ग हत्याकांड से जुड़ा पूरा सच सामने लाया जाएगा। मामले में आगे और गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं।

### रेड क्रॉस सोसायटी कोरबा ने किया कंबल - चादर का वितरण

कोरबा। सेवा, करुणा और मानवता के मूल्यों को सशक्त करते हुए रेड क्रॉस सोसायटी कोरबा द्वारा एक सराहनीय एवं संवेदनशील पहल की गई। रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में आयुष पोली क्लीनिक हॉस्पिटल, डिगापुर में उपचारत मरीजों की सुविधा एवं राहत को ध्यान में रखते हुए कंबल एवं चद्दरों का वितरण किया गया।

इस सेवा कार्य का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती एवं इलाज के लिए आने वाले मरीजों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा, जिससे उन्हें उपचार के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा किया गया यह सहयोग मरीजों के लिए राहत के साथ-साथ मानवीय संवेदना का सशक्त उदाहरण भी बना।

इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी कोरबा के चेयरमैन रामसिंह अग्रवाल, वाइस चेयरमैन राजेन्द्र तिवारी एवं आयुष पोली क्लीनिक हॉस्पिटल के एमएस डॉ. पवन मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्वयं मरीजों से मुलाकात कर उन्हें कंबल एवं चद्दर प्रदान की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन रामसिंह अग्रवाल ने कहा कि रेड क्रॉस संस्था सदैव पीड़ित, जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रही है। अस्पताल में इलाजरत मरीजों की सुविधा के लिए यह छोटा सा सहयोग संस्था की सेवा भावना का प्रतीक है। वाइस चेयरमैन राजेन्द्र तिवारी ने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी समय-समय पर स्वास्थ्य, आपदा राहत एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों के साथ खड़ी रही है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे।

# सुशासन की नींव पर टिकी धान खरीदी व्यवस्था, किसानों को मिला सम्मान, सुविधा और सही

### 'धान विक्रय से चेहरे पर खुशी की चमक - प्रसन्न कृषक गोवर्धन प्रसाद कैवर्त'

कोरबा संवाददाता।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन एवं किसान हितैषी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुगमता एवं निर्बाध रूप से निरंतर जारी है। खेत से लेकर उपार्जन केंद्र तक किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है। शासन द्वारा की गई बेहतर योजना, सर्वाधिक समर्थन मूल्य तथा सुदृढ़ व्यवस्थाओं के चलते किसानों में विश्वास और संतोष का वातावरण निर्मित हुआ है।

राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य, सम्मानजनक प्रक्रिया तथा सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु प्रशासनिक अमले द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे तौल, पंजीयन, भुगतान एवं अन्य प्रक्रियाएं समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो रही हैं। उपार्जन केंद्रों पर किसानों के बैठने, छाया, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

इसी क्रम में जिले के ग्राम तरदा निवासी कृषक श्री गोवर्धन प्रसाद कैवर्त ने अपनी मेहनत की उपज 52 क्विंटल धान का विक्रय कनकी स्थित उपार्जन केंद्र में किया। श्री कैवर्त के पास लगभग तीन एकड़ कृषि भूमि है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई ÷तुंहर टोकन÷ ऑनलाइन सुविधा के माध्यम से उन्होंने घर बैठे ही टोकन प्राप्त कर लिया, जिससे उन्हें समिति कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़े और समय की भी बचत हुई। यह डिजिटल व्यवस्था किसानों के लिए अत्यंत सुविधाजनक सिद्ध हो रही है।

कृषक श्री कैवर्त ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष उन्होंने 105 क्विंटल धान का विक्रय किया था और उस समय भी उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया सरल, सुचारू एवं परेशानी मुक्त है। उपार्जन केंद्र पर पहुंचते ही तौल, पंजीयन एवं अन्य औपचारिकताएं सहजता से पूरी हो जाती हैं, जिससे किसानों को संतोष का अनुभव हो रहा है।उन्होंने यह भी बताया कि शासन द्वारा घोषित सर्वाधिक समर्थन मूल्य किसानों के लिए आर्थिक संबल प्रदान कर रहा है। साथ ही, उपार्जन केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाएं और अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा किसानों के प्रति सहयोगात्मक व्यवहार यह दर्शाता है कि शासन वास्तव में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। निरंतर निगरानी एवं व्यवस्था की पारदर्शिता के कारण किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार का संदेह या भय नहीं रहता।

## सरकारी के बजाय निजी अस्पताल भेजे जाने की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन की सख्ती

कोरबा

सरकारी के बजाय निजी अस्पताल पहुँचाने का चल रहा धंधा के संबंध में स्व श्री बिसाहू दास महंत स्मृति मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा गंभीरता से संज्ञान लिया गया है। इस संदर्भ में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. के. के. सहारे ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि समाचार में उल्लेखित मामले की प्रारंभिक जांच कराई गई, जिसमें किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता नहीं पाई गई।

डीन डॉ. सहारे ने कहा कि अस्पताल परिसर में मरीजों को निजी अस्पताल भेजने जैसी गतिविधियाँ पूर्णतः अस्वीकार्य हैं। इस प्रकार की संभावना को रोकने हेतु अस्पताल परिसर में किसी भी निजी एजेंसी या निजी एम्बुलेंस को खड़े होने की अनुमति नहीं देने संबंधी सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं।उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की संलिप्तता पाई जाती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहायक अस्पताल अधीक्षक एवं उप-अस्पताल अधीक्षक को लगातार मॉनिटरिंग करने तथा ऐसी किसी भी पुनरावृत्ति को रोकने के निर्देश दिए गए हैं।डीन ने यह भी कहा कि मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराना संस्था की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और मरीजों के हितों से समझौता करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता व जनपद सदस्य अक्षय गर्ग की धारदार हथियार से हत्या, इलाके में सनसनी

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से बड़ी और सनसनीखेज खबर सामने आई है। कारखाना मोहल्ला निवासी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनपद सदस्य और ठेकेदार अक्षय गर्ग पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में अक्षय गर्ग की मौत हो गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच अक्षय गर्ग ग्राम केशलपुर में अपनी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवॉए) के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्य की साइट पर मौजूद थे। इसी दौरान काले रंग की कार में सवार होकर पहुंचे करीब तीन हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

हमले में अक्षय गर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना को लेकर स्थानीय लोगों में शोक मिश्रित आक्रोश व्याप्त है। परिजन सहित शुभचिंतक और बड़ी संख्या में कटघोरावासी अस्पताल के सामने मौजूद हैं कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे हुए हैं एवं हालात पर नजर रखी जा रही है।

# कलेक्टर ने ईवीएमव वीवीपैट वेयरहाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में जांची गई सुरक्षा व्यवस्था

### ईवीएम की सुरक्षा और पारदर्शिता बनाए रखना चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण:- कलेक्टर




**कोरबा।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ई.वी.एम. एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में रखी गई ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रिकॉर्ड, रख-रखाव, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था तथा प्रवेश नियंत्रण प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि वेयरहाउस परिसर में सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा निर्वाचन से संबंधित उपकरणों के रख-रखाव और दस्तावेजीकरण में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। कलेक्टर श्री दुदावत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयरहाउस परिसर की साफ सफाई, सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं मशीनों की स्थिति का समय-समय पर परीक्षण किया जाए। उन्होंने सभी अभिलेखों एवं मशीनों की स्थिति का परीक्षण कर आवश्यक सुझाव भी दिए।

इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी वेयरहाउस संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी प्रदान की। कलेक्टर ने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा और पारदर्शिता बनाए रखना चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# कोई भी पात्र व्यक्ति पीएम आवास योजना शहरी से वंचित न हो: कलेक्टर कुणाल दुदावत

### 0 पीवीटीजी बसाहटो और विद्युतविहीन क्षेत्रों में षीघ्र बिजली पहुचाने के निर्देष

### 0 पीएमओ, मुख्यमंत्री जनदर्षन, जनषिकायत एवं टीएल के लंबित प्रकरणों को गंभीरता से निराकरण के कलेक्टर ने दिए निर्देष

### समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की षासन की फ्लैगषिप योजनाओं की समीक्षा



**कोरबा** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देषित किया कि पीएमओ, राज्यपाल, मुख्यमंत्री जनदर्षन, माननीय मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, जनषिकायत तथा टीएल में चिन्हांकित प्रकरणों का समय सीमा के भीतर गंभीरता से निराकरण सुनिष्चित किया जाएं। उन्होंने लंबित प्रकरणों में समय पर जांच प्रतिवेदन तैयार कर रिपोर्ट अपलोड करने और संबंधितों को भी सूचित करने के निर्देष दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने बंद हो चुके विभिन्न योजनाओं के बैंक खातों को बंद करने के निर्देष देते हुए जमा राषि को षासन के खाते में जमा करने के निर्देष दिए। उन्होंने निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना षहरी की समीक्षा करते हुए नगर निगम आयुक्त, सीएमओ को निर्देषित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से न छूटे, इसके लिए संबंधित क्षेत्र में सर्वे कराकर जानकारी तैयार कर ली जाए और इसका डीपीआर बनाकर विभाग को प्रेषित की जाए। कलेक्टर ने पीएम आवास और पीएम जनमन आवास की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत और जनपद सीईओ को निर्देषित किया कि अपने स्तर पर कार्यों की समीक्षा कर आवास निर्माण के कार्यों में प्रगति लाए। उन्होंने लंबित कार्यों में प्रगति लाने और प्रति सप्ताह ढाई सौ आवास का निर्माण पूर्ण करने का लक्ष्य निधारित करने के निर्देष दिए। कलेक्टर ने पीएम आवास के नाम पर किसी के द्वारा हितग्राहियों से राषि मांगे जाने पर कठोर कार्यवाही के निर्देष भी दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना और पीवीटीजी परिवारों के घरों में सोलर पैनल स्थापना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देषित किया कि पीवीटीजी परिवारों के घर में दिए गए लक्ष्य के अनुसार सोलर सिस्टम षीघ्र स्थापित करें। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन के आधार पर इंस्टालेषन के लिए षेष घरों में सोलर सिस्टम स्थापित करने के निर्देष दिए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निर्देषित किया कि अलग-अलग डिवीजन के आधार पर अधिक बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर ली जाए और विद्युत विभाग के सब इंजीनियर के माध्यम से उपभोक्ताओं को पीएम सूर्यघर के फायदे तथा षासन द्वारा दी जा रही छूट से अवगत कराते हुए इच्छुक उपभोक्ताओं के घर पीएम सूर्यघर स्थापना की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने लीड बैंक अधिकारी को पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋृण आवेदन पर षीघ्रता से कार्यवाही करते हुए लोन स्वीकृत करने के निर्देष दिए। उन्होंने पीवीटीजी परिवारों के बसाहटों और विद्युतविहीन क्षेत्रों में बिजली पहुचाने तथा घरों में मीटर स्थापित करने के निर्देष दिए।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग के उपयोग पर कार्यवाही, 1000 रू. का लगा अर्थदण्ड

कोरबा नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा बालको रोड व रिसदी रोड स्थित दुकानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते हुए पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालकों को 1000 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया, साथ ही निगम अमले द्वारा उन्हें कड़ी हिदायत दी गई कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्रियों का उपयोग न करें अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी। शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्री के उपयोग को रोकने के लिए आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, निगम के संबंधित अधिकारी कर्मचारी दुकानों, प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं तथा निरीक्षण के दौरान यदि प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल आदि का उपयोग विक्रय, भंडारण आदि पाया जाता है तो संबंधित दुकान संचालकों पर अर्थदण्ड आरोपित करने व प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री की जप्ती की कार्यवाही की जाती है। इसी कड़ी में आज कोरबा बालको रोड व रिसदी रोड स्थित दुकानों में निगम अमले द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान वहॉ पर स्थित दुकानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते पाया गया, जिस पर कार्यवाही करते हुए इन संबंधित दुकानदारों पर निगम अमले ने 1000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया, उन्हें कड़ी हिदायत दी कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग दुकानों में न करें तथा वैकल्पिक सामग्रियों का उपयोग में लायें।

**न करें प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग** - आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अपील करते हुए कहा है कि शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल आदि का उपयोग कदापि न करें, प्रतिबंधित प्लास्टिक से बने कैरीबैग डिस्पोजल व अन्य सामग्रियॉ जहॉ एक ओर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं, वहीं दूसरी ओर साफसफाई व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

## अंतिम संस्कार में लोग हुए बड़ी संख्या में शामिल



**रायपुर।** आज राजधानी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर साहित्य प्रेमी पत्रकार एवं अन्य लोग शामिल थे। बत्ती मैंने बुझाई, मैं विनोद कुमार शुक्ला लिखते-लिखते जीए, उन्होंने एम्स में यह कविता लिखी। अंतिम संस्कार में उनके पुत्र शाश्वत सहित अन्य लोग शामिल हुए। शमशान घाट में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। राजनांदगांव में जन्मे सुप्रसिद्ध कवि कथा कार, उपन्यासकार को अनेक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें साहित्य एकेडमी तथा ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। फिल्मकार मणि कौल ने एक फिल्म बनाई थी। साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का निधनः सीएम योगी आदित्यनाथ ने जताया दुख, कहा- साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति लखनऊ, 24 दिसम्बर (आरएनएस)। ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित छत्तीसगढ़ के प्रख्यात हिंदी साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल (89 वर्ष) का निधन आज रायपुर एम्स में हो गया। सांस लेने में कठिनाई के कारण उन्हें दो दिसंबर को रायपुर एम्स में भर्ती किया गया था। उन्हें वेंटिलेटर में ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था, जहां मंगलवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। विनोद कुमार शुक्ल के निधन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सीएम योगी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित, प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का निधन अत्यंत दुःखद एवं साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

## नव प्रशिक्षित आरक्षकों का थाना एवं कार्यालय संबंधी कार्यों का ओरिएंटेशन कोर्स का किया गया आयोजन

**बीजापुर।** दिनांक 16 दिसम्बर से 22 दिसम्बर 2025 तक नव प्रशिक्षित आरक्षकों का थाना एवं कार्यालय संबंधी कार्यों का ओरिएंटेशन कोर्स आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 63 नव प्रशिक्षित आरक्षक शामिल हुए जिन्हें नवीन कानून, यातायात प्रबंधन, सीसीटीएनएस, ई-साक्ष्य, समंस और वारंट की तामिली, कोर्ट मोहर्रिर के कार्य, अंगुल चिन्ह तथा एफएसएल संबंधी विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरान्त मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई जिसमें प्रथम 03 प्रतिभागियों को पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा नगद पारितोषिक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। दिनांक 23/12/2025 को समापन समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह ओरिएंटेशन कोर्स थाना और कार्यालय में नवीन तैनाती के दौरान कार्यों को समझने और दक्षता बढ़ाने में सहायक होगा। उन्होंने आरक्षकों को अनुशासन, मेहनत और लगन से कार्य करने की आशा जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ प्रशिक्षण में शामिल सभी आरक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।* समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव, अति0पुलिस अधीक्षक ऑप्स रविन्द्र कुमार मीणा, उप पुलिस अधीक्षक मनोज तिर्की, उप पुलिस अधीक्षक रोशन आहूजा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के निधन पर पीएम मोदी, सीएम साय और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने शोक प्रकट किया



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गहरा शोक प्रकट किया है। ज्ञानपीठ सहित अनेक महत्वपूर्ण पुरस्कारों से सम्मानित शुक्ल का कल 23दिसम्बर की शाम रायपुर के एम्स में निधन हो गया था। प्रधान मंत्री ने कहा - शुक्ल जी हिन्दी साहित्य जगत में हमेशा स्मरणीय रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स -हैण्डल (ट्विटर)पर जारी शोक -संदेश में कहा है। ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात लेखक विनोद कुमार शुक्ल जी के निधन से अत्यंत दुःख हुआ है। हिन्दी साहित्य जगत में अपने अमूल्य योगदान के लिए वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।।

### उनकी रचनाएँ हिन्दी साहित्य की अनमोल धरोहर- विष्णु देव साय

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी विनोद कुमार शुक्ल के देहावसान पर शोक प्रकट किया है। साय ने कहा कि प्रदेश के जाने -माने कवि और लेखक शुक्ल का निधन हिन्दी साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक -संदेश में कहा कि शुक्ल की रचनाएँ हिन्दी साहित्य की अनमोल धरोहर होने के साथ -साथ मानवीय संवेदनाओं और जीवन-दर्शन की सजीव अभिव्यक्ति है।

मुख्यमंत्री साय ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे इस दुःख की घड़ी में स्वर्गीय शुक्ल के परिजनों सहित सभी को संबल प्रदान करें तथा पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय शुक्ल ने 'नौकर की कमीज' और 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' जैसी अपनी अनेक कालजयी कृतियों में आम जनता की भावनाओं को असाधारण रूप से हृदय स्पर्शी अभिव्यक्ति दी।साय ने कहा कि मानवीय मूल्यों पर आधारित विनोद कुमार शुक्ल की संवेदनशील दृष्टि और मौलिक भाषा-शैली पाठकों को हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी और हिन्दी साहित्य में उनका योगदान अमिट रहेगा। विनोद कुमार शुक्ल मानवीय करुणा की भाषा रचने वाले साहित्यकार थे -मल्लिकार्जुन खड़गे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने एक्स -हैण्डल (ट्विटर )पर जारी शोक -संदेश में कहा कि विनोद कुमार शुक्ल मानवीय करुणा भाषा रचने वाले कवि और लेखक थे। ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित कवि, कहानीकार और उपन्यासकार शुक्ल जी का निधन हिन्दी साहित्य जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। खड़गे ने कहा कि 'नौकर की कमीज़' 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' और 'लगभग जयहिंद' जैसी स्वर्गीय शुक्ल की रचनाएँ उन्हें हमारे बीच अमर रखेंगी।खड़गे ने उनके शोकाकुल परिवारजनों और प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

# कांकेर घटना : सर्वसमाज चैंबर द्वारा आयोजित राजधानी बंद रहा सफल, प्रमुख शहरों में भी दिखाई पड़ा असर

### पेट्राल पंप सहित गैस एजेंसी एवं नास्ते की दुकान बंद होने से लोग परेशान

**रायपुर, (आरएनएस)।** छग चेंबर ऑफ कामर्स तथा सर्वधर्म समाज द्वारा आज छग सहित प्रदेश बंद का आह्वान किया गया। राजधानी में बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रमुख मार्गों से निकलकर व्यावसायिक संस्थानों को बंद कराने सक्रिय रहे।

मिली जानकारी के अनुसार गत दिनों कांकेर में धर्मांतरण को लेकर एक बड़ी घटना को लेकर आज चैंबर द्वारा बंद का आह्वान किया गया था। राजधानी के प्रमुख मालवीय रोड, सदर बाजार, एमजी रोड, सक्ति बाजार, विवेकानंद आश्रम, लाखेनगर, अश्वनी नगर, सुंदर नगर भाठागांव बसस्टैंड सहित अन्य स्थानों पर सर्वसमाज के लोगों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठान को बंद करा दिया।

### भाठागांव से बस का आना जाना बंद कराया गया

आज छग बंद होने के कारण सर्वसमाज वाले भाठागांव पहुंचे यहां पर




अंतरराज्यीय बसस्टेंड में विभिन्न स्थानों में जाने वाली बस को जाने से रोक दिया जिसके कारण यात्रियों को परेशानी हुई। राजधानी में आज कम संख्या आटो तथा ई रिक्शा के कम चलने के कारण लोगों को परेशानी हुई। इधर खेल महोत्सव में आने वाले खिलाड़ियों को भी परेशान होना पड़ा। मंत्रालय तथा सचिवालय में आने जाने वालों को सिटी पकड़कर जाना पड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार रायपुर, दुर्ग, भिलाई तथा उत्तर बस्तर तथा दक्षिण बस्तर नारायणपुर कोंडागांव, तथा दुर्ग राजनांदगांव कोरबा बिलासपुर तथा रायगढ़ में भी बंद सफल रहा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांकेर की घटना के लिए भाजपा के नेता जिम्मेदार है। इसके पहले भी कोंडागांव बस्तर में ऐसी वारदात हो चुकी है इसके लिए लोगों से बातचीत करना चाहिए।

## एबीवीपी छत्तीसगढ़ प्रदेश का 58वां प्रदेश अधिवेशन सम्पन्न,रायपुर के प्रथम राव फुटाने बने प्रदेश सह मंत्री

**रायपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छत्तीसगढ़ प्रदेश का 58वां प्रदेश अधिवेशन दिनांक 19 से 21 दिसंबर 2025 भिलाई स्थित कला मंदिर में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में आगामी कार्ययोजना तथा संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा की गई। इसी क्रम में रायपुर के प्रथम राव फुटाने को सत्र 2025-26 के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रदेश का सह मंत्री एवं प्रदेश मीडिया संयोजक घोषित किया गया साथ ही वो राष्ट्रीय मीडिया टोली के सदस्य भी है।

प्रथम राव फुटाने रायपुर के टिकरापारा सत्यनारायण चौक के निवासी हैं तथा वर्ष 2019 से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। संगठन में अपने विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया है पूर्व में वे रायपुर पूर्व भाग सोशल मीडिया संयोजक, रायपुर महानगर पर्यावरण गतिविधि स्त्रष्ठ संयोजक, रायपुर पूर्व भाग संयोजक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, दो बार रायपुर महानगर मंत्री, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं प्रदेश मीडिया संयोजक जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों में रहे है वर्तमान में आप छत्तीसगढ़ प्रदेश के सह मंत्री, प्रदेश मीडिया संयोजक एवं राष्ट्रीय मीडिया टोली सदस्य है।

## आधुनिक भारत के शिल्पकार श्रद्धेय अटलजी



रायपुर । आरत रत्न छत्तीसगढ़ के निर्माता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय राजनीति के ऐसे नायक थे, जो आने वाली पीढ़ियों को अपने कृतित्व से प्रेरित करते रहेंगे। आज सामाजिक, राजनीतिक एवं समाज जीवन के अनेक क्षेत्र में लक्ष्यावधि लोग अटल जी की प्रेरणा से राष्ट्रकार्य में अपनी श्रेष्ठतम भूमिका सुनिश्चित कर रहे हैं. भारतीय जनता पार्टी के कार्यकलीओं के लिए वह पितातुल्य अभिभावक थे. ज्योतिपुंज अटल जी राजनीतिक क्षेत्र में जिस तरह निरहंकारी एवं ध्येयनिष्ठ व्यक्तित्व से लोगों के हृदय में बसे रहे वह देवदुर्लभ है. सहज-सरल, धोती कुर्ता पहने वह लोगों के बीच इतने सामान्य रूप में उपस्थित होते थे कि उनसे मिलने और अपनी बात रखने में कभी किसी कार्यकर्ता या सामान्य जन को जरा भी संकोच नहीं होता था. अटलजी के व्यक्तित्व में बहुमुखी प्रतिभा थी. कवि हृदय लेखक एवं पत्रकार के रूप में उन्हें मां सरस्वती का विशेष आशीर्वाद प्राप्त था. राष्ट्रधर्म, पांचजन्य एवं स्वदेश जैसे समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं को राष्ट्रीयता से ओतप्रोत अपनी पत्रकारिला से सिंचने का जी पुनीत कार्य उन्होंने किया वह आज भी देश और समाज को दिशा दे रहा है. एक कुशल राजनेता के रूप में अंत्योदय के वह अहर्निश पुजारी के रूप में आजीवन राष्ट्रसाधना में जुटे रहे. अटल जी आधुनिक भारत के वह महान शिल्पकार थे जिन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, सर्व शिक्षा अभियान जैसे अंत्योदय के अनुष्ठान से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की अविरल धारा पहुंचाई. सड़कें किसी भी क्षेत्र की प्रगति की सूचक होती हैं, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजनाओं ने दूरस्थ और अभावग्रस्त क्षेत्र तक समृद्धि और अवसर पहुंचाने का काम किया है. सर्वशिक्षा अभियान के जरिए हर बच्चे को स्कूल तक ले जाने का अभूतपूर्व कार्य हुआ. अटल जी के जीवन में राष्ट्र निर्माण के अनुपम सूत्र समाए हुए थे. विपक्ष और अन्य प्रतिस्पर्धी दलों के नेता भी उनसे प्रभावित होते थे तथा उनसे आवश्यक सुझाव लिया करते थे. दलगत भावना से ऊपर उठकर वह राष्ट्रहित में सदैव खड़े रहे. विद्यार्थी जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ जाने के कारण राष्ट्रभक्ति का जो ज्वार उनके भीतर रहा वह आजीवन उनकी कविताओं तथा उनके कृतित्व में प्रकट हुआ. राजनीतिक क्षेत्र में कई बार लोग मनभेद कर लेते हैं, लेकिन उनके हृदय में किसी के प्रति कभी मन में विकार नहीं रहा. उनकी सहजता के कारण ही भिन्न विचारधारा के लोगों में भी उनकी स्वीकार्यता थी.

## विधायक भावना बोहरा द्वारा कबीर आश्रम दामाखेड़ा हेतु जनसेवा को समर्पित एम्बुलेंस का नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी ने किया शुभारंभ



**दैनिक लोकशक्ति,पंडरिया ।**

आज पंथ श्री 108 हुजूर उग्रनाम साहेब स्मृति संत समागम मेला, लोलेसरा में संत शिरोमणि कबीर साहेब जी की तपोभूमि, कबीर आश्रम दामाखेड़ा के नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी से पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सौजन्य भेंट कर आश्रम द्वारा संचालित पंथ श्री गृन्धमुनि नाम साहेब मेमोरियल हॉस्पिटल, दामाखेड़ा में आपातकालीन समय में जरूरतमंद लोगों की सहयता और सेवा के लिए एक एम्बुलेंस समर्पित किया। इस अवसर पर नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी के करकमलों से हरी झंडी दिखाकर जनसेवा हेतु समर्पित एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया और भावना बोहरा ने उनसे विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर दामाखेड़ा आश्रम के नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी ने विधायक भावना बोहरा के इस सेवा भाव एवं प्रकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा जरूरतमंद लोगों की सेवा हेतु समर्पित यह एम्बुलेंस केवल एक वाहन नहीं, बल्कि मानव सेवा, करुणा और उनकी संवेदनशीलता का सजीव प्रतीक है। अपने नाम के अनुरूप हर व्यक्ति, वर्ग और समाज के लिए उनकी सेवा भावना एक सच्चे जनप्रतिनिधि की पहचान है। दामाखेड़ा आश्रम के प्रमुख परम पूज्य पंथ श्री हुजुर प्रकाशमुनी नाम साहेब जी ने भी भावना बोहरा द्वारा जनसेवा हेतु इस एम्बुलेंस के लिए उनकी सराहना की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री दयाल दास बघेल जी भी साथ में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि सद्भाव,भक्ति और सामाजिक जागरण के प्रतीक परम पूज्य कबीर साहेब जी ने अपने वचनों में मानवता, समानता और सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया है। उनके उन्हीं मूल्यों से प्रेरित होकर हमने यह एम्बुलेंस जनता की सेवा हेतु समर्पित किया है जो आश्रम परिसर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।




**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)